वर्ष 24, अंक 129, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 18 नवंबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# शेख हसीना दोषी करार

## निहत्थे नागरिकों पर गोली चलाने के मामले में मिली फांसी की सजा




### शेख हसीना को सुनाई गई मौत की सजा, कोर्ट में बजीं तालियां, पीड़ितों के परिवार वाले रोने लगे

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को निहत्थे नागरिकों पर गोली चलाने और मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी ठहराया है. कोर्ट ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई है. अदालत ने पाया कि शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों को दबाने और मारने के लिए घातक हथियारों और ड्रोन का इस्तेमाल करने के आदेश दिए थे. इस गंभीर अपराध के चलते उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई है. अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि शेख हसीना और उनके सहयोगियों के आदेशों पर ही मानवता के खिलाफ अपराध अंजाम दिए गए.

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पहले आरोप के तहत, शेख हसीना ने स्थिति को संभालने और हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी पूरी नहीं की. साक्ष्यों से यह भी सामने आया कि पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) इस मामले में दोषी हो सकते हैं. अदालत ने बताया कि 19 जुलाई के बाद गृह मंत्री के आवास में लगातार बैठकें हुईं, जिनमें छात्र आंदोलन को दबाने के निर्देश दिए गए. शेख हसीना ने एक कोर कमेटी को प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने के आदेश दिए, जबकि अवामी लीग के समर्थक सक्रिय रूप से प्रदर्शनकारियों को परेशान करते रहे. आईजीपी से पूछताछ में उन्होंने कथित कृत्यों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की.

**कोर्ट ने कुल 54 गवाह किए पेश**

कोर्ट ने कुल 54 गवाहों के बयान सुने और कहा कि यह संख्या पर्याप्त है. देशभर से प्राप्त सबूतों और विभिन्न स्रोतों से मिले अतिरिक्त सबूतों की भी जांच की गई. साथ ही, यूनाइटेड नेशंस की एजेंसी की रिपोर्ट का अध्ययन किया गया और निष्कर्ष निकाला गया कि शेख हसीना और गृहमंत्री के आदेशों पर ही मानवता के खिलाफ अपराध किए गए.

**ICT के मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान क्या कहा?**

ICT के मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा कि शेख हसीना ने विरोध कर रहे छात्रों और अन्य नागरिकों को मारने के आदेश दिए थे. अदालत ने बताया कि ढाका विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ हुई फोन बातचीत में हसीना ने हिंसक कार्रवाई के निर्देश दिए और छात्रों को अपमानित किया, जिससे विरोध प्रदर्शन और भड़क गए.

न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि हसीना के बयान अपमानजनक थे और हिंसा को भड़काने वाले थे.

उन्होंने जानबूझकर अपने आदेशों के माध्यम से लोगों की जान लेने की योजना बनाई. कोर्ट के पास हसीना और विश्वविद्यालय के कुलपति के बीच हुई बातचीत के रिकॉर्ड भी मौजूद हैं, जो उनके आदेशों की पुष्टि करते हैं।

## शांति, लोकतंत्र और स्थिरता पर भारत का जोर



**बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा पर भारत की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. भारत ने कहा है कि वह फैसले पर ध्यान दे रहा है और बांग्लादेश के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. भारत सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उसने बांग्लादेश के "अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण" द्वारा शेख हसीना के खिलाफ सुनाए गए फैसले को नोट किया है. शांति, लोकतंत्र और स्थिरता पर भारत का जोर भारत ने दो टूक कहा कि एक करीबी पड़ोसी होने के नाते वह बांग्लादेश की जनता के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रतिबद्ध है. विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि बांग्लादेश में शांति, लोकतंत्र, समावेशन और स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है और भारत हमेशा इन मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहेगा.

बयान में यह भी कहा गया कि भारत भविष्य में भी बांग्लादेश से जुड़े सभी पक्षों से रचनात्मक संवाद जारी रखेगा ताकि देश में स्थिरता और लोकतांत्रिक माहौल कायम रहे।

## मौत की सजा पर ऐसा भड़की शेख हसीना, भारत से ही यूनुस को दे दी लास्ट वार्निंग

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने खिलाफ आए फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक धांधली न्यायाधिकरण द्वारा लिया गया फैसला है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। बांग्लादेश अवामी लीग द्वारा साझा किए गए हसीना के एक बयान में, फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ सुनाया गया फैसला एक धांधली न्यायाधिकरण द्वारा लिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। वे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित हैं। मृत्युदंड की उनकी घृणित मांग, अंतरिम सरकार के भीतर चरमपंथी हस्तियों के बांग्लादेश के अंतिम निर्वाचित प्रधानमंत्री को हटाने और अवामी लीग को एक राजनीतिक ताकत के रूप में निष्प्रभावी करने के बेशर्म और जानलेवा इरादे को उजागर करती है।

उन्होंने यूनुस प्रशासन की कड़ी आलोचना की और कहा डॉ. मोहम्मद यूनुस के अराजक, हिंसक और सामाजिक रूप से प्रतिगामी प्रशासन के अधीन काम कर रहे ।

## बिहार में नई सरकार का रास्ता साफ, नीतीश 20 को लेंगे शपथ



**बिहार**

**हाल** ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा भारी जीत दर्ज करने के बाद अगले तीन से चार दिनों में नई बिहार सरकार का गठन हो जाएगा। सोमवार को एनडीए सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मौजूदा विधानसभा भंग करने की सिफारिश करने के लिए अधिकृत कर दिया गया। नीतीश कुमार ने राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंपा। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बिहार में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को पटना में होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों सहित एनडीए के कई अन्य शीर्ष नेताओं के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं को बताया कि नवनिर्वाचित विधायक मंगलवार को अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि संभवतः नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 या 21 नवंबर को होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना के गांधी मैदान में तैयारियाँ चल रही हैं।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और राघोपुर से नवनिर्वाचित विधायक तेजस्वी यादव को बिहार विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया है। पटना स्थित तेजस्वी यादव के आवास पर राजद विधायकों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। यह बैठक बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी, जहाँ गठबंधन को एनडीए से करारी हार का सामना करना पड़ा था। एनडीए ने बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीटें हासिल कीं, जबकि महागठबंधन को केवल 35 सीटें मिलीं, जबकि राजद को केवल 25 सीटें मिलीं। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय से उन्हें अवगत कराया। विजय चौधरी ने कहा, ह्लकैबिनेट ने नयी सरकार के गठन के मद्देनजर 19 नवंबर को विधानसभा भंग करने की अनुशंसा करने का प्रस्ताव पारित किया।ह्व उन्होंने यह भी बताया कि कैबिनेट ने राजग की ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने का प्रस्ताव पारित किया।

चौधरी ने कहा, यह नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है जो राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण संभव हुआ है।ह्व हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में 243 सदस्यीय सदन में राजग ने 200 से अधिक सीट पर जीत दर्ज की है, जिनमें भाजपा ने सर्वाधिक 89 सीट जीतीं और जनता दल (यूनाइटेड) को 85 सीट मिलीं। जद(यू) के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 19 नवंबर को नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनेगी।

## एक फरवरी से दिल्ली-शंघाई की उड़ान बहाल करेगी एअर इंडिया

**नई दिल्ली**

**एअर** इंडिया एक फरवरी, 2026 से दिल्ली और शंघाई के बीच उड़ानें फिर से शुरू करेगी और लगभग छह वर्ष बाद चीन के लिए सीधी विमान सेवा बहाल होगी। एयरलाइन (अब टाटा समूह के स्वामित्व वाली) ने 2020 की शुरूआत में कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर शंघाई के लिए सेवाएं बंद कर दी थीं और उस समय घाटे में चल रही इस एयरलाइन का स्वामित्व सरकार के पास था।

अगले साल एक फरवरी से दिल्ली-शंघाई (पीवीजी) उड़ानें फिर से शुरू करने की सोमवार को घोषणा करते हुए, एअर इंडिया ने यह भी कहा कि वह 2026 में नियामक अनुमोदन के आधार पर मुंबई और शंघाई के बीच सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना बना रही है।

एअर इंडिया अपने बोइंग 787-8 विमानों के साथ दिल्ली और शंघाई के बीच सप्ताह में चार बार उड़ानें संचालित करेगी, जिसमें 18 बिजनेस और 238 इकॉनमी क्लास सीट होंगी। एयरलाइन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि शंघाई एअर इंडिया समूह की उड़ान सेवा वाला 48वां अंतरराष्ट्रीय गंतव्य होगा।

## गरुड़ 25: भारत के Su-30MKI और फ्रांसीसी राफेल ने आसमान में दिखाई ताकत, चीन-पाक की बढ़ी धड़कनें

**फ्रांस**

**भारत** और फ्रांस मोंट-डे-मार्सन में 'गरुड़' वायु युद्ध अभ्यास की शुरूआत करेंगे ताकि दोनों देशों के बीच सैन्य अंतर-संचालन और समन्वय को बढ़ाया जा सके और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दिया जा सके। भारतीय वायुसेना ने 16 से 27 नवंबर तक फ्रांस में फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष बल (एफएएसएफ) के साथ गरुड़ अभ्यास के आठवें संस्करण के लिए छह सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू विमानों को तैनात किया है, जिनके साथ आईएल-78 मिड-



एयर रिफ्यूलिंग और सी-17 ग्लोबमास्टर-क्क्क स्ट्रेटेजिक लिफ्ट विमान भी मौजूद हैं। इस अभ्यास के दौरान, सुखोई, राफेल जैसे फ्रांसीसी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों के साथ जटिल कृत्रिम हवाई युद्ध परिदृश्यों में काम करेंगे, और हवा से हवा में युद्ध, वायु रक्षा और संयुक्त हमला अभियानों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य एक यथार्थवादी परिचालन वातावरण में रणनीति और प्रक्रियाओं को परिष्कृत करना, आपसी सीखने को सक्षम बनाना और भारतीय वायुसेना और एफएएसएफ के बीच अंतर-संचालन को बढ़ावा देना है।

भारतीय वायु सेना ने रविवार को फ्रांस के मॉट-डे-मार्सन (टङ्गल्लरू-ीि-टं१२ल्ल) एयर बेस में फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल के साथ द्विपक्षीय वायु अभ्यास 'गरुड़ 25' किया।

## बिहार में करारी हार के बाद तेजस्वी बने नेता प्रतिपक्ष




**बिहार**

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) नेता और राघोपुर से नवनिर्वाचित विधायक तेजस्वी यादव को बिहार विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया है। पटना स्थित तेजस्वी यादव के आवास पर राजद विधायकों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। यह बैठक बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी, जहाँ गठबंधन को एनडीए से करारी हार का सामना करना पड़ा था। एनडीए ने बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीटें हासिल कीं, जबकि महागठबंधन को केवल 35 सीटें मिलीं, जबकि राजद को केवल 25 सीटें मिलीं।

तेजस्वी के करीबी सहयोगी संजय यादव जिन्हें लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए ज़िम्मेदार ठहराया है भी बैठक में मौजूद थे। गहन चर्चा के बाद, हार का कारण ईवीएम हैकिंग और चुनाव आयोग का पक्षपातपूर्ण रवैया बताया गया। रोहिणी आचार्य के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई, जिन्होंने हाल ही में अपने परिवार से संबंध तोड़ लिए थे और तेजस्वी तथा उनके करीबी सहयोगियों पर उन्हें "गाली-गलौज" करने तथा घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया था।

रविवार को एक्स पर साझा की गई कई भावुक पोस्ट में, रोहिणी आचार्य ने कहा कि अपने पिता को "गंदी किडनी" देने के लिए वह "शापित" हैं। उन्होंने दावा किया कि अब वह "अनाथ" महसूस कर रही हैं। 47 वर्षीय आचार्य ने विवाहित महिलाओं को सलाह दी कि अगर परिवार में बेटा है तो अपने पिता के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोई भी परिवार अपनी बेटी को वह सब सहते हुए नहीं देखेगा जो उन्होंने झेला है।

उनकी यह टिप्पणी राष्ट्रीय जनता दल से इस्तीफा देने और अपने परिवार से नाता तोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद आई है। उन्होंने हाल ही में हुए बिहार चुनावों में पार्टी की करारी हार के लिए अपने भाई तेजस्वी यादव और उनके दो करीबी सहयोगियों - राजद सांसद संजय यादव और रमीज को जिम्मेदार ठहराया।

## दोहरे पैन कार्ड मामले में आजम खान-अब्दुल्ला को 7 साल की जेल



**रामपुर**

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक विशेष सांसद-विधायक मजिस्ट्रेट अदालत ने दोहरे पैन कार्ड मामले में सात साल कैद की सजा सुनाई है। खान और उनके बेटे के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता आकाश सक्सेना ने दिसंबर 2019 में रामपुर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कराया था। अपनी शिकायत में, सक्सेना ने आरोप लगाया कि दोनों के पास अलग-अलग जन्मतिथि वाले दोहरे पैन कार्ड थे। सक्सेना ने आरोप लगाया कि खान और उनके बेटे ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके दो पैन कार्ड प्राप्त किए थे और उनका उपयोग बैंकिंग लेनदेन और आयकर विवरण के लिए कर रहे थे। दोषसिद्धि के बाद, आजम खान और अब्दुल्ला दोनों को अदालत कक्ष में ही हिरासत में ले लिया गया। जल्द ही सजा सुनाई जाने की उम्मीद है। शिकायत दर्ज कराने वाले भाजपा विधायक आकाश सक्सेना भी आदेश सुनाए जाने के समय मौजूद थे।

आकाश सक्सेना द्वारा अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथियों का उपयोग करके दो पैन कार्ड प्राप्त करने का आरोप लगाने के बाद 6 दिसंबर 2019 को रामपुर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

## राबड़ी देवी के भाई सुभाष यादव बोले, 'तेजस्वी यादव 12 बजे सोकर उठते हैं,

**बिहार**

लालू यादव के परिवार में कलह के बीच राबड़ी देवी के भाई और पूर्व सांसद सुभाष यादव ने एबीपी न्यूज से बातचीत की. परिवार के फूट के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये घमंड का कलह है. उन्होंने कहा घर की बहन-बेटी को मारा-पीटा जा रहा है, भगाया जा रहा है, ये पहली घटना नहीं है बल्कि दूसरी घटना है. उन्होंने भी संजय यादव पर ताबड़तोड़ आरोप लगाए.

**संजय यादव नौकर है- सुभाष यादव**

सुभाष यादव ने कहा, "संजय यादव नौकर है. वो महीने पर बहाल होकर आया था. उसके देने के लिए एक लाख रुपये महीना पार्टी से लिया जाता था. वो मुफ्त में नहीं आया था. वो कोई पार्टी का कार्यकर्ता नहीं है. फिर भी ब्लैकमेलिंग करके वो राज्यसभा का सदस्य बन गया. हरियाणा का आदमी जब जब आता है तब लालू परिवार फंसता है."

इसके आगे उन्होंने कहा, "प्रेम चंद गुप्ता ने लालू यादव को फंसा दिया. अब इसने तेजस्वी को फंसा दिया और पार्टी को खा गया. बिहार के अगर किसी गरीब यादव के बच्चे को राज्यसभा का सदस्य बनाते तो यहां के लोग ताली बजाते. अगर ये अकेले कही बिहार में चला जाए तो यादव परिवार के लोग इसकी दवाई कर देंगे."

राबड़ी देवी के भाई ने कहा कि संजय यादव ने पार्टी का बहुत नुकसान किया. उन्होंने कहा, "तेजस्वी अपनी बहन और भाई को नहीं पहचानते हैं. मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा. मैं आरजेडी के पुराने लोगों से अपील करूंगा कि अगर पार्टी को बचाना है तो अच्छे आदमी को चुनिए. उसको नेता बनाकर बिहार में घुमाइए. गरीबों की आवाज को बुलंद करिए."

**तेजस्वी यादव 12 बजे सो कर उठते हैं- सुभाष यादव**

सुभाष यादव ने तेजस्वी यादव पर भी निशान साधा. उन्होंने कहा, "वो 12 बजे सोकर उठते हैं।

## मासूम की जिंदगी बचाने को आगे आए योगी आदित्यनाथ

### मां की गुहार पर शुरू कराया इलाज



**लखनऊ**

**लखनऊ** की एक मां के लिए सोमवार (17 नवंबर) की सुबह उम्मीद लेकर आई, जब वह अपने सात महीने के बीमार बच्चे को गोद में लेकर मुख्यमंत्री आवास पर लगे ह्यजनता दर्शनह्न पहुंचीं. बच्चे को हृदय से जुड़ी गंभीर परेशानी थी और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार इलाज कराने में असमर्थ था. मां की गुहार सुनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल मदद का आदेश दिया.

**मां की रुलाई देख फौरन हरकत में आए सीएम**

राजेंद्र नगर, ऐशबाग में रहने वाली यह महिला किराए के छोटे से घर में सीमित साधनों के साथ जीवनयापन करती हैं. उन्होंने सीएम से निवेदन किया कि उनका बच्चा हृदय रोग से जूझ रहा है और इलाज के लिए आर्थिक मदद की जरूरत है. मुख्यमंत्री ने बच्चे को गोद में लेकर दुलारा और आश्वासन दिया कि ह्लआप चिंता मत कीजिए, सरकार आपके साथ है.

तुरंत एंबुलेंस बुलवाकर बच्चे को केजीएमयू भेजा गया और वहां के कुलपति को उपचार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया. कुछ ही समय में बच्चे का इलाज शुरू हो गया.

**जवानों को दिया भरोसा**

इसी दौरान बुलंदशहर के अर्धसैनिक बल के जवान भी अपनी जमीन कब्जे की समस्या लेकर पहुंचे. जवानों ने बताया कि ड्यूटी पर रहते हुए उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है. सीएम योगी ने उनकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि आप देश की सुरक्षा में लगे हैं, आपके परिवार की जिम्मेदारी सरकार पर है. उन्होंने अधिकारियों को तत्काल जांच कर समाधान कराने के निर्देश दिए.

**60 से ज्यादा लोग पहुंचे ह्यजनता दर्शनह्न**

सोमवार को ह्यजनता दर्शनह्न में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से 60 से अधिक लोग पहुंचे. मुख्यमंत्री हर फरियादी के पास खुद गए, प्रार्थना पत्र लिया और उनकी बात सुनी. कई लोग भूमि विवाद, आर्थिक संकट, पुलिस से जुड़ी समस्याएं, बिजली विभाग और अन्य दफ्तरों की परेशानियां लेकर पहुंचे थे.

सीएम ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और सेवा ही सरकार का पहला कर्तव्य है ।

# सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुए हजारों लोग, धर्म रक्षा का लिया संकल्प





**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** सनातन हिंदू एकता पदयात्रा रविवार को पंचवर भैरव बाबा से मनकामेश्वर धाम लालापुर तक निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सनातन हिंदू एकता पदयात्रा का उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना,देश भर में धर्म का प्रचार प्रसार करना।साथ ही देश भर के हिंदुओं एकजुट करते हुए सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है।इस हिंदू पदयात्रा में क्षेत्र के समस्त लोगों को आपस जोड़ते हुए धर्म का प्रचार करना है। धर्म की रक्षा का मुख्य उद्देश्य धर्म के सिद्धांतों,

### जात-पात की करो विदाई- हम सब हिंदू भाई-भाई

संस्कारों, परंपराओं और आस्थाओं को बचाना और बनाए रखना है। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि धर्म का सकारात्मक प्रभाव समाज में बना रहे और उसका पालन होता रहे, क्योंकि धर्म का अस्तित्व उसके अनुयायियों पर निर्भर करता है। इसका अर्थ है धर्म को अधर्म से बचाना और एक आदर्श सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखना, जिसमें सदाचार, नैतिकता और कर्तव्यपरायणता शामिल हो। धर्म के मूल सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों को बनाए रखना ताकि वे समाज में जीवित रहें और उनका पालन होता रहे। मंदिरों, तीर्थों और धार्मिक परंपराओं का संरक्षण करना ताकि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहें। धर्म-परिवर्तन के प्रयासों को रोकना और देवी-देवताओं, धर्मग्रंथों या राष्ट्रपुरुषों के प्रति अनादर को रोकना। धर्म और संस्कृति के सकारात्मक प्रभाव को बढ़ावा देना और उसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करना। अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना और उसे विकसित करना। ग्राम प्रधान पचवर गोझवार स्वाभिमान सिंह (राहुल परिहार), अंकुश पांडे मझियारी, शिवम् पांडे मझियारी, अभिषेक शुक्ला बेलमुंडी, मैना दुबे मझियारी, विकाश शुक्ला पचवार, घनश्याम पांडे, मोहित परिहार, अमित तिवारी, शेखर परिहार, श्याम शुक्ला, अमित पांडे, अंकित परिहार, शंकरलाल पाण्डेय प्रधान लालापुर इस दौरान क्षेत्र के हजारों युवा व धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

## राम के भाइयों ने विपत्ति बांट ली : विनोदानंद सरस्वती



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन में बोलते हुए राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने कहां कि आज के भाई संपत्ति बांटते हैं, राम के भाइयों ने विपत्ति बांट ली। महारानी कैकई की भूल के कारण रघुकुल पर जो घोर विपत्ति आई, उसे राम और उनके भाइयों ने मिलकर आपस में बांट लिया। राम, लक्ष्मण ने राक्षसों का विनाश कर पृथ्वी का भार हल्का किया तो भरत, शत्रुघ्न ने अयोध्या की रक्षा की एवं प्रजा पालन किया। चारों भाइयों ने अपने व्यक्तिगत सुखों को दर किनार करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जिसके परिणाम स्वरूप रघुकुल की मयार्दा भी अच्छुण रही और 14 वर्ष के राम वनवास के पश्चात अयोध्या में खुशियां पुनः लौटीं और दीपावली मनी। श्री राम कथा व्यास पं० विनोद मालवीय ने भरत के नीर-क्षीर विवेक की सराहना करते हुए भरत चरित्र का अत्यंत सुंदर वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी एल अकादमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, सुभाष प्रधान, अनिल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, हरि शंकर मिश्रा, शिव कुमार पाठक, अतुल सिंह, श्री प्रकाश शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले विधायक बारा डॉ. वाचस्पति, दिया प्रस्ताव

### ● किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रख की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**बारा, प्रयागराज।** विधायक डॉ. वाचस्पति ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बारा क्षेत्र की विकास योजनाओं और किसानों-मजदूरों से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने क्षेत्र की आवश्यकता, जन अपेक्षाओं और आगामी कुंभ को ध्यान में रखते हुए कई प्रमुख योजनाओं को तत्काल गति देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा करते विधायक बारा डॉ वाचस्पति

रविवार को लखनऊ में बारा विधायक डॉ. वाचस्पति की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट हुई, जिसमें विधायक ने बारा विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की कई सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनके समग्र सुधार और निर्माण की आवश्यकता है। इसके साथ ही आगामी कुंभ को देखते हुए क्षेत्र के दर्जनों प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी रखा गया।विधायक ने मझियारी, बुंदेला नाला और देवरा-इटवा मार्ग पर लघु सेतु निर्माण की जरूरत पर भी जोर दिया। प्रतापपुर में पीपा पुल के स्थान पर स्थाई पुल निर्माण, जूही व बसहरा में नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने का मुद्दा भी उठाया। मजदूरों की बदहाली को देखते हुए बालू, सिलिका सैंड, गिट्टी और पत्थर का परमिट दिए जाने की मांग की गई।किसानों के लिए ब्लास्टिंग कूप, चेक डैम और मध्यम बोरिंग की व्यवस्था करने के साथ ही शंकरगढ़ में बने जीजीआईसी व आईटीआई को जल्द चालू कराने पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने इन सभी विषयों पर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया।

## डॉ रमेश चंद्रा एवं उनकी पत्नी सरिता पटेल को सहारनपुर में मिला सम्मान

### एक्सलेंस अवॉर्ड प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के डॉ रमेश चंद्रा एवं उनकी पत्नी सरिता पटेल को सहारनपुर में मिला सम्मान। विगत चार दशक से योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा में कार्य कर रहे विश्व संवाद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के क्षेत्रीय सचिव वरिष्ठ आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ रमेश चंद्रा एवं उनकी धर्म पत्नी सरिता पटेल को सहारनपुर के मोक्षायतन योग संस्थान में आयोजित योग सेतु कार्यक्रम में इंडियन योगा एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर की ओर से पदमश्री विभूषित गुरुदेव स्वामी भारत भूषण एवं गुरु मां प्रतिष्ठा द्वारा योग के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए एक्सलेंस अवॉर्ड प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन के अध्यक्ष डॉ नवीन सिंह सचिव आशीष टंडन, एवं सहसचिव डॉ रमेश चंद्रा के अथक प्रयास से अधिक से क्षेत्रो में योग सेतु का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्य को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में अध्यक्ष नवीन सिंह का मुख्य योगदान रहा। इस कार्यक्रम में 21 जून 2025 योग दिवस पर अधिकतम कार्य करने पर उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन ने सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किया। इस सम्मान को भी पदम श्री से सम्मानित योग गुरु भारत भूषण एवं गुरु मां योगाचार्य प्रतिष्ठा के द्वारा दिया गया। पूर्वी जोन के लिए बहुत ही सम्मान की बात है।यह कार्यक्रम में इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चेयरमैन पियूषकांत मिश्रा और सचिव अमित गर्ग एवं कोषाध्यक्ष एवं मोक्षायतन योग संस्थान के कई पदाधिकारी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर सहारनपुर मंडल आयुक्त रूपेश कुमार, राज्य मंत्री औद्योगिक विकास जसवंत सिंह सैनी, नगर विधायक सहारनपुर राजीव गुंबर, राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह, सहारनपुर महापौर अजय सिंह एवं नेशनल हॉलिस्टिक हेल्थ ऋषिकेश के संस्थापक डॉ विनोद कश्यप के अलावा उत्तर प्रदेश चैप्टर के सभी कैबिनेट सदस्य एवं अलग-अलग क्षेत्र से आए हुए योगाचार्य एवं योगिनी बहने उपस्थित थी।

# अंतरराष्ट्रीय हवाला नेटवर्क में नया मोड़, पुलिस दबाव बढ़ते ही आरोपियों की हलचल तेज

### पीड़ित महिलाओं ने बैंक कर्मचारियों की मिली भगत का भी लगाया गंभीर आरोप

**कौंधियारा प्रयागराज।** गरीब ग्रामीणों के बैंक खातों के जरिये करोड़ों रुपये के हवाला लेनदेन का संगठित खेल अब खुद आरोपियों के लिए भारी पड़ता दिख रहा है। पुलिस की कार्रवाई तेज होने के बाद मामला अचानक नए मोड़ पर पहुंच गया है। रविवार को दबिश के वक्त घरों से गायब रहने वाले मुख्य आरोपी सोमवार की सुबह थाने और एसीपी कार्यालय कौंधियारा में सक्रिय दिखाई दिए। सूत्रों का कहना है कि सभी आरोपित दिनभर एसीपी कार्यालय में मौजूद रहे और हर संभव तरीके से मामले को पैसों के लेनदेन के प्रयास करते रहे, ताकि कार्रवाई को कमजोर किया जा सके।

सबसे बड़ा खुलासा यह है कि जिन बैंकों में ग्रामीणों के खाते खुलवाए गए, उनमें से एक बैंक में मुख्य आरोपी की स्वयं की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। सोमवार को थाना प्रभारी के निर्देश पर एक उपनिरीक्षक जब बैंक में खाता विवरण लेने पहुंचे, तो बैंक मैनेजर ने तीन दिन का समय मांगते हुए जानकारी बाद में देने की बात कही। इससे बैंक अधिकारियों की भूमिका भी जांच के घेरे में आ गई है।

उधर, गांवों में पीड़ितों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। दोपहर में एक दर्जन से अधिक महिलाएं कौंधियारा थाने पहुंचीं और आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ितों का आरोप है कि उनके परिवार के लोगों से खाता खुलवाकर पासबुक, एटीएम और दस्तावेज छीन लिए गए, जिनका इस्तेमाल विदेशों से आने वाली भारी रकम की अवैध ट्रांजेक्शन में किया गया।

पुलिस अब आरोपियों के मोबाइल, कॉल डिटेल, बैंक स्टेटमेंट और डिजिटल लेनदेन की गहन जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्तर पर समझौते या दबाव की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## 04 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 04 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव के ग्राम डिहिया, विरहा व पथरताल में चकमार्ग, ग्राम महुली में रास्ता की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देषित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तदनुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नैनी।** नैनी करछना यार्ड के निकट के पास सोमवार को रेलवे लाइन के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दिनेश दयाशंकर सिंह (35) पुत्र दयाशंकर सिंह निवासी पिपरांव थाना औद्योगिक क्षेत्र करछना के रूप में हुई है। घटना करछना यार्ड के निकट हुई, जहाँ युवक का शव पाया गया। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना पर छिवकी जीआरपी टीम मौके पर पहुँची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी मामले की जांच कर रही है तथा यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक ट्रैक पर कैसे पहुँचा और उसकी मृत्यु दुर्घटना थी या किसी अन्य कारण से हुई। वहीं सूत्रों के अनुसार युवक की मौत अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से होने की आशंका जताई जा रही है।

## इंपीरियो फेस्ट 2025 का हुआ भव्य आयोजन, रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया





**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा ब्लाक बाजार स्थित इंपीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बाल मेला इंपीरियो फेस्ट-2025 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं वातावरण में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ विजय शर्मा (एडीएम)सिविल सप्लाई) द्वारा किया गया तथा पुरस्कार वितरण डॉ. सुरेंद्र चौधरी एम एल सी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीपी फूलपुर विवेक कुमार यादव तथा इंस्पेक्टर मऊआइमा पंकज अवस्थी मौजूद थे।

कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। अनेकों प्रकार के खान पान के स्टाल व खेल मनोरंजन के साधन के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता एवं लकी ड्रा का आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य ई एन विलसन, वाइस प्रिंसिपल उपेन्द्र राय, कोपल जायसवाल सहित समस्त शिक्षकगणों द्वारा किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नदीम इन्तेखाब, डायरेक्टर नूर उद्दीन सैफी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत चेयरमैन शोएब अंसारी, उमैर जलाल, असदुल्लाह, डॉ. मंसूर आलम, मेराज आरिफ, अफसर अहमद, इम्तियाज समी (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि), मोहम्मद चमन, विपुल पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ आयोजित

### खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** बी आर सी सोरांव में तहसील स्टारीय दिव्यांग बच्चों का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को प्रांगण में आयोजित किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लाल जी शर्मा भी उपस्थित रहे तथा सभी श्रेणी के दिव्यांग बच्चों को दौड़ प्रतियोगिता बौद्धिक दिव्यांग तथा दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित बच्चे उत्साहित होकर इसमें प्रतिभाग किया। दृष्टि बाधित बच्चे छूकर पहचानों तथा श्रवण बाधित बच्चे चित्रकला प्रतियोगिता, अस्थि दिव्यांग बच्चे सुलेख प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता बौद्धिक व दृष्टिबाधित बच्चों ने प्रतिभाग किया। तथा दृष्टिबाधित बच्चे गायन प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम को सफल कराने में सोरांव तहसील के स्पेशल एजुकेटर एंड गाइड टीचर्स दिलीप तिवारी, मनोरंजनी देवी व बृजेश यादव, अरविन्द सिंह, दयानंद मिश्रा, गायत्री यादव बी आर सी स्टॉफ ने दिव्यांग खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

# साक्षी हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा, प्रेम संबंध और शादी के दबाव में फौजी ने की थी हत्या

## आरोपी पंजाब के पटियाला में बोफोर्स यूनिट में बतौर पायलट के रूप में है तैनात, छुट्टियों पर घर आया था आरोपी

**दुपट्टे से बंधे थे साक्षी के पर, घटनास्थल से 5 सौ मीटर की दूरी पर मिला था स्कूल बैग**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के लखरावां गांव में वीरान बगीचे के भीतर दफन मिली 11वीं की छात्रा साक्षी यादव (17) की हत्या का राज पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले ने उस समय नया मोड़ लिया जब जांच में सामने आया कि साक्षी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि सेना में नायक पद पर तैनात उसके प्रेमी ने ही की थी। पुलिस द्वारा किए गए खुलासे ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। साक्षी 10 नवंबर को कैंट स्थित अपने फूफा हवलदार श्यामलाल यादव के क्वार्टर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। कई दिनों की तलाश के बाद शनिवार को उसका शव लखरावां के सुनसान जंगल में दफन हालत में मिला। उसके पैर दुपट्टे से बंधे थे, चेहरे पर गहरे घाव थे और शव सड़ चुका था। पास में एक जूता और 500 मीटर दूरी पर मिला उसका स्कूल बैग जांच की महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ। बैग में मौजूद कॉपियों में लिखे मोबाइल नंबरों के आधार पर पुलिस ने सुरागों को जोड़ना शुरू किया। जांच में पता चला कि साक्षी का कैंटोनमेंट के पास रहने वाले एक फौजी से काफी समय से प्रेम संबंध था। लड़की लगातार शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन इसी बीच सेना के इस जवान की शादी अन्यत्र तय हो गई। डर और सामाजिक बदनामी के भय से वह तनाव में था। पुलिस के अनुसार, इसी दबाव से बचने के लिए उसने साक्षी को एकांत बाग में मिलने के लिए बुलाया, जहां विवाद बढ़ने पर उसने उसकी हत्या कर दी और शव को गड्ढा खोदकर मिट्टी में दफना दिया। हैरानी की बात यह है कि शव मिलने की सूचना पर जब ग्रामीण, पुलिस और भीड़ मौके पर जुटी थी, तो आरोपी फौजी भी उसी भीड़ में शामिल था। वह पूरे घटनाक्रम को सामने से देखता रहा ताकि शक न हो। आरोपी इन दिनों पंजाब के पटियाला में बोफोर्स यूनिट में बतौर पायलट तैनात है और छुट्टी पर घर आया हुआ था।

पुलिस ने स्क्वायड डॉग, तकनीकी जांच और मिले हुए सामानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ सबूत जुटाए। कॉपी में लिखे फोन नंबर, कॉल डिटेल्स और लोकेशन ने हत्या की कहानी स्पष्ट कर दी। देर रात तक चली पूछताछ में कई तथ्य सामने आए, जिनके आधार पर पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल से उठाकर हिरासत में ले लिया है। साक्षी की हत्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार की मांग है कि बेटी के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा मिले। पुलिस अब मामले के हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी।

# काम से बाइक द्वारा घर लौट रहा मजदूर सड़क किनारे खड़े वाहन से टकराया, मौत, मचा कोहराम

**प्रयागराज-मिर्जापुर हाइवे पर कठौली गांव के समीप सड़क किनारे खड़े किसी वाहन में जोरदार टक्कर होने से देर रात हुआ हादसा**

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** काम के बाद प्रयागराज से घर लौटते समय एक बाइक चालक मजदूर जैसे ही कठौली गांव के समीप पहुंचा सामने से तेज रोशनी की चकाचौंध में वह सड़क किनारे खड़े वाहन में टकरा गया जिससे वह बुरी तरह से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलवाई और घायल को एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के निवैया पहाड़पुर गांव निवासी केदारनाथ पटेल 55 पुत्र स्व. रामबहादुर बीते रविवार को सुबह रोज की भांति अपनी बाइक से प्रयागराज मजदूरी का काम करने गया गए थे। बताते है कि वापस आते वक्त समय लगभग आठ रात जैसे ही वह कठौली गांव के समीप पहुंचे पूर्व से सड़क किनारे खड़े किसी वाहन से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई थी जिससे सड़क हादसे में कामगार मजबूर गंभीर रूप से घायल ही गया था। घायलावस्था में उसे ग्रामीणों की मदद से सीएचसी रामनगर भेजा गया किंतु इलाज के पूर्व ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान घटना की जानकारी जैसे परिजनों को हुई घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मेजा पुलिस भी मयफोर्स मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए भेज दिया। हालांकि इस घटना को लेकर जहां परिवार में मातम पसरा हुआ है वहीं पत्नी और बच्चों का रो रो बुरा हाल है।

# बुलडोजर लेकर पहुंचे नायब तहसीलदार पर हमला, पत्थर मारकर सिर फोड़ा



अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला पर हमला हुआ है। सोमवार शाम नायब तहसीलदार पट्टे की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने पहुंचे थे। उन्होंने बुलडोजर भी मंगवाया था। जैसे ही राजस्व टीम ने अवैध निर्माण ढहाना शुरू किया, भीड़ ने हमला कर दिया।पथराव में नायब तहसीलदार घायल हो गए। उनका सिर फट गया। दो पुलिस कर्मी भी घायल हुए। अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान भीड़ ने तीन झोपड़ियों में आग भी लगा दी। आग लगने से झोपड़ियों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

राजस्व टीम को बीच में कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नायब तहसीलदार के सिर में टांके लगे हैं। घटना बहरिया थाना के करनाईपुर गांव की है। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में की बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गयी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 04.11.2025 से गणना प्रपत्रों के वितरण का कार्य चल रहा है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 04.12.2025 तक बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक निर्वाचक को गणना प्रपत्रों का वितरण कर उनका संग्रह किया जायेगा।बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उनके द्वारा विधानसभावार नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेण्टों को सम्बंधित बूथ के बी0एल0ओ0 के साथ समन्वय स्थापित कर प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। उन्होंने अनुरोध किया कि यदि किसी राजनैतिक दल के द्वारा अभी तक किसी बूथ पर बूथ लेवल एजेण्ट नियुक्त नहीं किया गया है तो तत्काल बूथ लेवल एजेण्टों की नियुक्ति करते हुये सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में उनकी सूची उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण किया जाना एवं उनसे गणना प्रपत्रों का संग्रह किए जाने के कार्य को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल एजेंट को सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा नियुक्त बीएलए और सम्बंधित बीएलओ समन्वय बनाकर सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध एवं संग्रहण कराने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोगो को फार्म भरने अथवा समझने में कोई समस्या आ रही है, तो फार्म भरने के निदेशों से सम्बंधित वीडियों क्लिप की मदद भी ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बूथ पर बीएलओ के द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है अथवा बूथ लेवल एजेंट के साथ सहयोग नहीं किया जा रहा है तो सम्बंधित बीएलओं की सूचना तत्काल सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि सम्बंधित बीएलओं के द्वारा अपने क्षेत्र में भ्रमण कर फार्म नहीं भराया जा रहा है अथवा अन्य कोई समस्या आ रही है, तो इसकी सूचना तत्काल उपलब्ध करायें, जिससे तत्काल समस्या का निदान किया जा सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सम्बंधित अधिकारियों को ऐसे बीएलओं को चिन्हित करने के लिए कहा है, जो अभी पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं है और ऐसे बीएलओ का ग्रुप बनाकर पुनः और प्रशिक्षित कराने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर कर त्रुटिरहित बनाने के लिए किया जा रहा है, जिसके लिए आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है। इसलिए आप सभी अपने बूथ लेवल एजेंट के सहयोग एवं बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण एवं भरवाकर जमा कराये, जिससे कोई भी मतदाता अवशेष न रहे और मतदाता सूची में किसी प्रकार की कोई त्रुटि अथवा विसंगति न हो। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट अपने वार्ड एवं मोहल्ले से अच्छी तरह से परिचित है, इसलिए इस अभियान में उनकी भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, सभी राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हार्ट अटैक से पत्रकार के सेवानिवृत्त पिता इंजीनियर रमाकांत तिवारी का आकस्मिक निधन, सदमें में परिजन

**सिरसा के छतवा गंगाघाट पर विधि विधान से किया गया अंतिम संस्कार**





**मेजा।** भारतीय पत्रकार संघ इकाई मेजा के तहसील अध्यक्ष एवं हिंदी दैनिक समाचार पत्र अखंड भारत संदेश के स्थानीय पत्रकार अतुल तिवारी के पूज्य पिता श्री रमाकांत तिवारी पुत्र स्व. राममनोहर तिवारी का रविवार को अचानक हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे।

उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र कठौली (जनवार) गांव निवासी श्री तिवारी भारत संचार निगम लिमिटेड में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे और सन 2021में सेवा निवृत्त हुए थे। रविवार को अचानक उनके शरीर में तेज दर्द उठा और आनन फानन में परिजन उन्हें इलाज हेतु प्रयागराज स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए थे किंतु इसी बीच उन्हें हार्ट अटैक का झटका आ गया और उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी जैसे ही घरवालों को हुई घर में कोहराम मच गया। श्री तिवारी चार भाइयों में सबसे बड़े थे। वे बेहद सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के थे समाज में उनकी आम शोहरत थी। उनके दो बेटे आलोक तिवारी और अतुल तिवारी तथा एक बेटी संध्या तिवारी हैं। उनके असमय निधन से न केवल परिवार के लोग सदमें में हैं बल्कि उनके आकस्मिक निधन से परिवार की अपूर्णीय क्षति हुई है। गौरतलब है कि सोमवार को सुबह 10 बजे सिरसा के छतवा गंगाघाट पर पूरे विधि विधान के साथ उनके छोटे पुत्र अतुल तिवारी द्वारा उन्हें मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी जाति एवं धर्म के लोगों के अलावा गणमान्य लोग भी प्रमुख रूप से अंतिम संस्कार में शामिल होकर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

## आरोपित के भी घायल होने पर शिकायतकर्ता के बयान को सर्वोच्च महत्व नहीं : हाई कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि यदि घटना में आरोपित भी घायल हो, तो शिकायतकर्ता पक्ष के घायल गवाह का बयान तब तक निर्णायक नहीं माना जा सकता, जब तक वह अन्य साक्ष्यों और चिकित्सकीय रिपोर्ट से मेल न खाए। इसी आधार पर न्यायालय ने आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास, जान से मारने की धमकी और चाकू से हमले के मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए आरोपियों को बरी करने के फैसले को बरकरार रखा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र और न्यायमूर्ति डा. अजय कुमार द्वितीय की खंडपीठ ने शिकायतकर्ता संजय कुमार की अपील खारिज करते हुए दिया।अपीलार्थी संजय कुमार ने आरोप लगाया था कि 28 मई 2018 को आनंद कुमार और उसके दो साथियों ने उसे रोककर चाकू से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसके बाएं हाथ में चोट आई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में उसने न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अर्जी देकर एफआइआर दर्ज कराई। ट्रायल कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को बरी कर दिया था। हाई कोर्ट ने कहा कि पीड़ित द्वारा तीन अंगुलियां कटने का दावा मेडिकल रिपोर्ट से मेल नहीं खाता, जिसमें केवल एक अंगुली पर तेज धार वाले हथियार का घाव पाया गया। साथ ही घटना के लगभग 14 दिन बाद मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्राथमिकी दर्ज की गई और कोई स्वतंत्र गवाह भी पेश नहीं किया गया। इन तथ्यों को देखते हुए अपील को खारिज कर दिया गया।

## पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की रंगदारी मामले में अंतरिम राहत हाई कोर्ट में बढ़ी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगदारी मामले में आरोपित कानपुर के सीसामऊ से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की याचिका पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का एक और अवसर दिया है। साथ ही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक की अवधि 17 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने दिया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से काउंटर दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई तिथि 17 दिसंबर 2025 नियत कर दी। इससे पहले 13 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने इरफान सोलंकी को अंतरिम राहत दी थी। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने दलील दी कि शिकायतकर्ता ने जिस जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है, वह जमीन उसकी नहीं है। यह मामला दिसंबर 2022 में जाजमऊ थाने में दर्ज हुआ था। इसमें इरफान सोलंकी व अन्य पर रंगदारी व अन्य आरोप लगाए गए थे। शिकायतकर्ता विमल कुमार का आरोप था कि उनकी जमीन पर फर्जी तरीके से कब्जा किया गया है। इरफान सोलंकी ने मुकदमे की पूरी कार्रवाई रद करने की मांग इस याचिका में की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को

**प्रयागराज।** सोमवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी के निदेर्शानुसार समस्त परा विधिक स्वयं सेवक के साथ दिनांक 13.12.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई । समस्त परा विधिक स्वयंसेवकों को आम जनमानस को जागरूक करने हेतु पोस्टर व पैंफलेट देकर डोर टू डोर प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया समस्त तहसील, ग्राम न्यायालय, थाना ,ब्लॉक में तैनात परा विधिक स्वयं सेवक को ज्यादा ज्यादा प्रचार कर अधिक से अधिक वादों के निस्तारित करवाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 13.12.2025 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदार वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले वादों का निस्तारण किया जाएगा। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

## प्रयागराज में विहिप का गो-संरक्षण अभियान

**प्रयागराज।** गाय कोई साधारण पशु नहीं बल्कि मां हैं। गोमाता की रक्षा के लिए स्वयं भगवान को पृथ्वी पर अवतार लेना पड़ा। आज वही गो माता बेसहारा बनकर दर दर की ठोकर खा रही हैं। भारत में गाय चिंता का विषय है, जबकि विदेशों में गोमाता चिंतन का विषय बन चुकी हैं। यह बातें विहिप गो रक्षा विभाग के केंद्रीय मंत्री सुरेंद्र लांबा ने कही। वह शंकराचार्य आश्रम अलोपीबाग में 22 जिलों से आए कार्यकताओं व पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को गोसेवा के लिए प्रेरित किया। कहा, समृद्धि का मार्ग यहीं से होकर गुजरता है। प्रांत अध्यक्ष भोला नाथ मिश्र ने गोशालाओं के निर्माण, जैविक कृषि, किसान सम्मेलन आदि पर बल दिया। कहा, समाज के बीच इस संदेश को लेकर जाना होगा। अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें इसके लिए हम सब को प्रयास करना है। गोरक्षा प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी ने कहा, रोजगार युक्त नौजवान, कर्ज मुक्त किसान, स्वस्थ भारत व समर्थ भारत की परिकल्पना के साथ गोरक्षा अभियान को तेज करें। संपूर्ण जागरण होगा तभी समाज में गो माता की उपयोगिता के प्रति लोग सजग होंगे और गोमाता सुरक्षित रहेंगी।

# रा.म.पा.मेजा में प्राविधिक शिक्षा परिषद की विषय सेमेस्टर परीक्षा का 17 नवंबर से हुआ शुभारंभ

**परीक्षा के प्रथम दिन 14 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित,द्वितीय पाली में एनटी मेजा नंदलाल ने केंद्र का किया निरीक्षण, संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र विक्रम का दावा नकल विहीन होगी परीक्षा**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा में प्राविधिक शिक्षा परिषद की विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2025 17 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। इस विषय सेमेस्टर परीक्षा में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा के 381 परीक्षार्थी के अलावा अन्य तीन संरक्षण संस्थान शिवाजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के 209, लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेक्निक के 245 तथा प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के 89 परीक्षार्थी हैं। कुल मिलकर 924 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। सोमवार प्रातः पाली में 313 तथा द्वितीय पाली में 106 परिक्षार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें प्रथम पाली में 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान द्वितीय पाली में एनटी मेजा नंदलाल द्वारा संस्था में परीक्षा का निरीक्षण किया गया। संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र विक्रम ने बताया कि यह परीक्षा 17 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगी।

# राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के उपरान्त तैयार किये गये प्रस्ताव का आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त मतदेय स्थलों की सूची को अन्तिम रूप दिये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि आयोग के निदेर्शानुसर मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन का कार्य दिनांक 29.10.2025 से 04.11.2025 के मध्य पूर्ण कराने के उपरान्त 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का सम्भाजन के उपरान्त आलेख्य सूची को अन्तिम रूप दिया जाना है। उन्होने बताया है कि जनपद में सम्भाजन के पहले कुल 2626 मतदेय स्थले थे, सम्भाजन के बाद कुल 266 मतदेय स्थलों की वृद्धि हुई है, इस प्रकार कुल 2892 मतदेय स्थल हो गये है। इसी प्रकार जनपद में सम्भाजन के पहले कुल 1674 मतदान केन्द्र थे, सम्भाजन के बाद कुल 09 मतदान केन्द्रों की वृद्धि हुई है, इस प्रकार कुल 1683 मतदान केन्द्र हो गये है।अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि सम्भाजन के उपरान्त विधानसभा रामपुरखास में 373 मतदेय स्थल व 217 मतदान केन्द्र, बाबागंज (अ0जा0) में 372 मतदेय स्थल व 224 मतदान केन्द्र, कुण्डा में 419 मतदेय स्थल व 217 मतदान केन्द्र, विश्वनाथगंज में 473 मतदेय स्थल व 288 मतदान केन्द्र, प्रतापगढ़ में 412 मतदेय स्थल व 217 मतदान केन्द्र, पट्टी में 445 मतदेय स्थल व 295 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा रानीगंज में 398 मतदेय स्थल व 225 मतदान केन्द्र हो गये है। बैठक में जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों से कहा कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में कोई सुझाव या प्रस्ताव देना हो तो आज दिनांक 17 नवम्बर तक अवश्य उपलब्ध करा दें नही तो दिनांक 18 नवम्बर को मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियो से कहा कि जो भी मतदेय स्थल बनाये गये है उनका एक बार भ्रमण कर लें जिससे बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी मिल सके और यदि कहीं कोई कमी है तो उसे दुरूस्त करा लें।बैठक में जिलाधिकारी समस्त राजनैतिक दलों से कहा कि जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) चल रहा है, यदि कहीं पर कोई समस्या आ रही है तो सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करायें जिससे उसका निराकरण कराया जा सके। बूथों पर बीएलए की नियुक्ति करके सूची उपलब्ध करा दी जाये, एसआईआर कार्यक्रम में सभी राजनैतिक दल अपना सहयोग अवश्यक करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित राजनैतिक दलों में सांसद प्रतिनिधि बी0एल0 वर्मा, भाजपा के विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, विधायक रामपुरखास के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, विधायक पट्टी प्रतिनिधि आर0के0 भीम, कांग्रेस के डा0 नीरज त्रिपाठी, सपा के अब्दुल कादिर जिलानी व विकास यादव, सीपीएम के लाल बहादुर तिवारी, अपना दल एम के ज्ञानेन्द्र वर्मा, अपना दल एस के परमानन्द मिश्र, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राजकुमार सिंह, बसपा के सादिक अली व अनवर अली उपस्थित रहे।

## बकाया मांगने पर मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के बसीरपुर निवासी तेज प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि एक वर्ष पूर्व गांव के हरि बक्श सिंह उर्फ डबलू सिंह कई किस्तों में उधार 1 लाख 29 हजार रुपए लिया था। उधार का बकाया मांगने पर आनाकानी करते चले आ रहे हैं। रविवार की सुबह 9 बजे हरि बक्श सिंह के घर पर बकाया रुपया मांगने गया तो उक्त ने बकाया देने से मना करते हुए गाली देकर मारने पीटने के इरादे से हमलावर हो गया। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। पीड़ित तेज प्रताप सिंह मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की। दिलीपपुर पुलिस ने तेज प्रताप की तहरीर पर बसीर पुर गांव के हरि बक्श सिंह उर्फ डबलू सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष दिलीपपुर अंकुर कैथवास ने बताया कि बकाया रुपया को लेकर कहासुनी हुई थी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### पति और ससुर के खिलाफ मारपीट व जानलेवा धमकी देने का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** विवाहिता की पिटाई के मामले में पति व ससुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना के पीरूपुर की रहने वाली साधना यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती चैदह नवंबर रात लगभग नौ बजे वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच उसके पति संदीप यादव व ससुर राय बहादुर यादव ने लाठी डंडे व लात-घूंसो से मारापीटा। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। लीलापुर थानाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बारात में दो पक्षों के मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल, जांच में जुटी पुलिस

उदयपुर थाना क्षेत्र के पेड़रिया गांव की घटना

**प्रतापगढ़।** बारात में खाना खाने के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही है। उदयपुर थाना के पेड़रिया गांव में रविवार को रामसजीवन भारती के लड़की की शादी थी। शाम लगभग आठ बजे खाना को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। लेकिन लोगों ने बीचबचाव कर शांत करा दिया। सोमवार सुबह लगभग नौ बजे नाश्ता करने के दौरान दोनों पक्षों में फिर विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते लाठी डंडा से मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के ननकैया 58 वर्ष, संतोष 18, नथुन्ना 25, रानी 21, मनीषा 17, शिवानी 38 चुटहिल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के रामनिहोर भारती 35 व उर्मिला देवी 45 भी घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी सांगीपुर लाया गया। यहाँ ननकैया को गंभीर हालत देख डाक्टरों ने जिला रेफर कर दिया। उदयपुर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बोलेरो की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से हुआ घायल

**प्रतापगढ़।** तेज गति से आ रही बोलेरो की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायपुर भगदरा निवासी रामप्रताप मौर्या 65 कुछ खरीदारी करने के लिए रायपुर तियांई चैराहे पर आए थे। लखनऊ वाराणसी राजमार्ग को पार करते समय लखनऊ की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने उनको टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले गए। दुर्घटना के बाद बोलेरो भाग निकली। रानीगंज कैथोला चैकी प्रभारी विवेक यादव ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

### पीएम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं, बिसरा प्रिजर्व

**लालगंज।** वृद्ध का शव जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया। मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने से बिसरा प्रिजर्व कर दिया गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोंडवा निवासी शीतला प्रसाद की मौत शनिवार की रात को हो गई थी। मामला संदिग्ध देख रविवार को बेटे देशराज की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने से बिसरा प्रिजर्व कर दिया गया। रविवार की देर शाम शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सोमवार को परिवार के लोगों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सांगीपुर थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विसरा रिपोर्ट आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक आमने-सामने टकराई दो घायल, रेफर

**पट्टी।** दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। इलाज के उपरांत दोनों युवक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अमृतलाल वर्मा व सतवंत वर्मा रिश्तेदारी से वापस अपने घर आ रहे थे। अभी वह गांव के पास पहुंचने वाले थे कि सामने से आ रही बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों नेआनन फानन में दोनों घायलों को इलाज हेतु सीएचसी पट्टी भेजा। जहां पर दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के चलते जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत



**पट्टी।** कार, नीलगाय व बाइक के आपस में टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**कार, बाइक व नीलगाय आपस में भिड़ने से हुआ हादसा**

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे बोधराम मैनहा गाँव के निकट पट्टी की तरफ से आ रही कार के सामने पेट्रोल पंप के पास अचानक झाड़ियो की तरफ से नीलगाय गया। दूसरी तरफ रानीगंज की तरफ से जा रहे असुढी निवासी विपिन पाल (27) पुत्र राम भुवाल सामने नीलगाय को बचाने के लिए दाहिने तरफ भागे। जिससे तीनों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायल अवस्था में उसे सीएचसी पट्टी ले गई। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनाम कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# बर्थडे पार्टी में शामिल होने गये अधेड़ का घर के समीप मिला शव

## पत्नी की तहरीर पर तीन नामजद समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज





**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** घर से बर्थडे पार्टी में दोस्तो के साथ निकले अधेड़ का शव उसके घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर मिला। पत्नी ने हत्या का आरोप लगाते हुए तीन नामजद सहित चार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह (42) बर्थडे पार्टी में शामिल होने की बात कह कर शाम 6 बजे घर से निकला था। मृतक की पत्नी दिव्या सिंह की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत चार लोगों के विरुद्ध हत्या और आपराधिक षडयंत्र का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पत्नी दिव्या सिंह ने बताया है कि उनके पति धर्मेंद्र सिंह को रविवार शाम 6 बजे हमारे घर पर आए गांव के ही गौरव सिंह उर्फ प्रिंस, अंबुज सिंह व अनुज सिंह और एक अन्य के साथ बर्थडे पार्टी में चलने की बात कह कर साथ लेकर गए। रात 11 बजे तक पति के वापस घर न आने पर उनके मोबाइल पर फोन किया तो पति का फोन प्रिंस ने उठा कर मुझसे कहा कि भाभी भैया अभी खाना खा रहे हैं। खाने के बाद हम सभी लोग एक साथ वापस घर आ रहे हैं। रात लगभग ढाई बजे गौरव उर्फ प्रिंस, अंबुज, अनुज व एक अन्य आए और कहा कि महेंद्र भैया के घर के पीछे भैया का एक्सीडेंट हो गया है। जब मैं और मेरे परिजन वहां पहुंचे तो मेरे पति संदिग्ध अवस्था में पड़े थे। इतने में उपरोक्त चारों व्यक्ति एंबुलेंस को कॉल किया और चले गए। सीएचसी पर मेरे पति को मृत घोषित कर दिया गया। मुझे आशंका है कि इन्हीं आरोपियों द्वारा मेरे पति की हत्या की गई है, यह एक्सीडेंट नहीं है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी के विरुद्ध हत्या व आपराधिक षडयंत्र की रिपोर्ट दर्ज की है।

# ई-लाटरी के माध्यम से 10 लाभार्थियों का हुआ चयन




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों के आय में वृद्वि करनें के उद्देश्य से संचालित मिनी नन्दिनी कृषक समृद्वि योजना और नन्दिनी कृषक समृद्वि योजना के लाभार्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल पर ई-लाटरी के माध्यम से जनपद प्रतापगढ़ के विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति की मौजूदगी में सम्पन्न हुयी। इस मौके पर समस्त लाभाथियों द्वारा स्वयं प्रतिभाग किया गया।इस योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च उत्पादन क्षमता के स्वदेशी गोवंश (साहीवाल, गिर, थारपारकर) की डेयरी इकाईयां स्थापित करनें हेतु पशुपालकों को 50 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान किया जाना है। नन्दिनी कृषक समृद्वि योजना में 25 गोवंश की इकाई की स्थापना लागत 62.50 लाख है जिसमें सरकार द्वारा 31.25 लाख की सब्सिडी 03 किस्तों में प्रदान की जायेगी। इस योजना में जनपद के 02 लाभार्थियों का चयन किया गया। मिनी नन्दिनी कृषक समृद्वि योजना में 10 गोवंश की इकाई लागत 23.60 लाख है जिसमें सरकार द्वारा 11.80 लाख की सब्सिडी 02 किस्तों में प्रदान की जायेगी। जनपद में इस योजना के तहत 08 लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी से किया गया। चयनित लाभार्थियों को अब योजना के अगले चरणों जैसे कि बैक ऋण और आधारभूत संरचना निर्माण के लिये आगे बढनें हेतु सूचित किया जायेगा।

## आलू की पैदावार सुनिश्चित करने हेतु रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनायें : जिला उद्यान अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद में आलू के अच्छे उत्पादन हेतु सम-सामयिक महत्व के कीट एवं रोगों का उचित समय पर नियंत्रण नितान्त आवश्यक है। आलू की फसल पर अगेती एवं पिछेती झुलसा रोग के प्रति अत्यन्त संवेदनशील होती है। प्रतिकूल मौसम विशेषकर बदलीयुक्त बूंदा-बांदी एवं नम वातावरण में अगेतीध्पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप बहुत तेजी से फैलता है तथा फसल को भारी क्षति पहुंचती है। ऐसी परिस्थितियों में जिला उद्यान अधिकारी ने आलू उत्पादकों को सलाह दी है कि आलू की पैदावार सुनिश्चित करने हेतु रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। अगेती झुलसा रोग का प्रकोप निचली पत्तियों से प्रारम्भ होता है, जिसके फलस्वरूप गहरे भूरेध्काले रंग के कुण्डलाकार छल्लेनुमा धब्बे बनते है, जो बाद में बीच से सूखकर टूट जाते है। प्रभावित निचली पत्तियॉ सूख कर गिर जाती है। इन धब्बों के बीच में कुण्डलाकार आकृति दिखाई देती है। पिछेती झुलसा रोग के प्रकोप से आलू की फसल को विशेष क्षति होती है। इस रोग से पत्तियॉ सिरे से झुलसना प्रारम्भ होती है जो तीव्रगति से फैलती है और 2 से 4 दिनों के अन्दर ही सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है। बदलीयुक्त 90 प्रतिशत से अधिक आर्द्र वातावरण एवं कम तापक्रम पर इस रोग का प्रकोप बहुत तेजी से होता है। आलू के उन्नत फसल हेतु मुख्य किस्में यथा-कुफरी बहार, कुफरी बादशाह, कुफरी आनन्द, कुफरी चिपसोना-01 व 03, कुफरी सूर्या आदि की जनपद की जलवायु के अनुसार विभाग से प्रदत्त आलू बीज की बुवाई करना सुनिश्चित करें। आलू बीज उत्पादन हेतु सम्पूर्ण कन्द की बुवाई सुनिश्चित करें, कन्द को काट कर बोने की सलाह विभाग द्वारा नहीं दी जाती है।

# सराय रजई एवं बाहूपुर पेयजल योजना का किया गया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता प्रयागराज द्वारा विकास खण्ड मंगरौरा के सराय रजईपुर एवं बाहूपुर पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। सराय रजई एवं बाहूपुर पेयजल योजना के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियन्ता द्वारा ग्राम प्रधान प्रशान्त सिंह एवं ग्रामवासियों से संवाद किया गया। ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजना से नियमित जलापूर्ति हो रही है। ग्रामवासियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि अधिकतम ग्रामवासी जल जीवन मिशन के निर्मित पेयजल योजना पर ही निर्भर है। अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि ग्रामवासियों को पेयजल सप्लाई रेगुलर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित कराये एवं किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल निस्तारित कराये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम तौसीफ अहमद, सहायक अभियन्ता हिमान्शु केसरवानी, जूनियर इंजीनियर आशीष कुमार, फर्म के प्रतिनिधि सोमेश शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री न करने वाले 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों के लाइसेन्स किये गये निरस्त

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने हेतु जनपद में विशेष अभियान का आयोजन करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिक, लेखपाल, पंचायत सहायक एवं जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा संयुक्त रूप से अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जा रही है। जनपद की प्रगति धीमी होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिये गये हैं कि महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों पर तत्काल कार्यवाही की जाये। तद्क्रम में पाया गया कि जनपद के कुल 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा एक भी फार्मर रजिस्ट्री नही बनाया गया है, जिस हेतु उनके लाइसेंस को निरस्त किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी है। जनपद में जिन 7 जनसेवा केन्द्र संचालकों के लाइसेंस निरस्त किये गये उनमें तहसील लालगंज अन्तर्गत ग्राम औरीपुर नौगीर की सुनीता देवी, ग्राम कटेहती के कृष्ण कुमार धुरिया व ग्राम मादीपुर के लवकुश सिंह, तहसील रानीगंज अन्तर्गत ग्राम कोठियारी के अरूनेश प्रताप यादव व ग्राम पटहटिया कला के उमेश यादव, तहसील कुण्डा अन्तर्गत ग्राम रामदास पट्टी के दिलीप कुमार व मुकुल साहू के नाम सम्मिलित है।

## विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर भगाया

**पट्टी।** नगर निवासी विवाहिता ने अपने पति के खिलाफ मारने पीटने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर पट्टी कोतवाली में दी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पट्टी नगर निवासी नाजिया बानो पत्नी अशरफ अली ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि उसने अपने पति के खिलाफ दो महीने पहले पट्टी कोतवाली में शिकायत की थी, लेकिन तब उसके पति ने उसे बहला फुसलाकर मायके भेज दिया था। विवाहिता ने आरोपित किया कि उसका विवाह 28 जून 2023 को हुआ था। उसका पति निकाह के बाद से ही उसे मारने-पीटने के साथ ही एक लाख रुपये व एक गाडी की मांग करता था। उसके पति ने उसे घर से मारपीटकर भगा दिया। जिससे अपने 10 माह के बच्चे के साथ इधर-उधर भटकने को मजबूर है। विवाहिता ने शिकायती पत्र देकर पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# दिल दुखा रहे हैं अपने मां-बाप का, उनको किसी तीर्थ का फल नहीं मिलता....

## सांगीपुर में कवि सम्मेलन में काव्यपाठ कर कवियों ने समाज को दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के कटरा गांव में स्वतंत्र कवि मंडल के तत्वाधान में महाकवि पं0 छविश्याम पांडेय की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से समाज और राष्ट्र की कुरीतियों पर करारा प्रहार किया। विभिन्न विधाओं की रचनाओं ने श्रोताओं को न केवल बांधे रखा, बल्कि समाज को दिशा देने का कार्य भी किया। कवि सम्मेलन की शुरूआत सुनीता आजमगढ़ी की वाणी वंदना से हुई। इसके बाद प्रेम कुमार त्रिपाठी ने चंद्रशेखर आजाद पर केंद्रित अपनी ओजपूर्ण कविता से राष्ट्रप्रेम का अलख जगाया। वहीं जयराम पाण्डेय राही की पंक्तिया जो दिल दुखा रहे हैं अपने मां-बाप का, उनको किसी तीर्थ का फल नहीं मिलताह्व ने उपस्थित लोगों को माता-पिता की सेवा के प्रति जागरूक किया। अनूप त्रिपाठी ने चुनाव आते ही नेताओं के बदलते तेवर पर तंज कसते हुए कहा चुनाव आते ही नेतागण फलसफा बताते हैं, हिंदू-मुस्लिम में यही भेद बताते हैं, ने खूब सराहना बटोरी। ओमप्रकाश पाण्डेय गुड्डू ने मानव स्वार्थ पर चोट करते हुए ह्लस्वार्थ की बेड़ियों से बंधा आदमी, जितना ऊपर गया उतना नीचे गया पढ़ा तो जमकर तालियां बजी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र शुक्ल ने कहा कि कवि समाज का सच्चा पथप्रदर्शक होता है, जो समय-समय पर अपनी वाणी से समाज को आईना दिखाता है। कवि सम्मेलन में अरुण रत्नाकर, संजय शुक्ल, पवन प्रखर, ज्ञानेंद्र पाण्डेय 'मधुरस', श्याम शंकर पाण्डेय 'विनोद', शब्बीर सूरी, चंद्रशेखर विकास, गीता पाण्डेय 'अपराजिता', दीपेंद्र 'तन्हा', देवेंद्र सिंह 'काका', उज्जड़ जौनपुरी व अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को काव्यमय किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश पाण्डेय व संचालन हरिवंश शुक्ल 'शौर्य' ने किया। संजोयक ग्राम प्रधान राकेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक यज्ञ कुमार सिंहम ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# गोवंशो को ठण्ड से बचाव के लिए गोआश्रय स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को करायें सुनिश्चित : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

## सचिव ग्राम पंचायत, जमुनापुर को निलम्बित करने के निर्देश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने एन.आई.सी. सभागार में गोवंश आश्रय स्थलों के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से संरक्षित गोवंशों एवं सहभागिता योजना के अन्तर्गत सुपुर्दगी में दिए गए गोवंशां आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सुपुर्दगी में दिए गए गोवंशों की निगरानी बनाये रखी जाय। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि नोडल अधिकारियों से सभी गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण कराकर गोवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करा लिया जाय। उन्होंने गोआश्रय स्थलों के लिए चिन्हित चारागाहों में चारे की बुआई कम पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी कड़ा, चायल, सरसवां, नेवादा एवं कौशाम्बी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्हांने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्र के गोआश्रय स्थलों का प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने गोआश्रय स्थलों में सी.सी.टी.वी. कैमरे की स्थिति की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि सी.सी.टी.वी. कैमरे का एक्सेस खण्ड विकास अधिकारी एवं पश ुचिकित्सा अधिकारी को दिया जाय, ताकि और प्रभावी निगरानी हो सकें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गोआश्रय स्थलों में भूसा, चारा सहित आदि सभी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखी जाय।बैठक में बताया गया कि गोआश्रय स्थल-जमुनापुर में आवश्यक व्यस्थाओं को सुनिश्चित बनाये रखने के कार्य में सचिव, ग्राम पंचायत एवं ग्राम प्रधान द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को सचिव ग्राम पंचायत, जमुनापुर को निलम्बित करने के निर्देश दिए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पराली जलाने वाले 18 किसानों से 65 हजार रुपए जुर्माना की वसूली

### बिना एस.एम.एस.चलने वाली 03 कम्बाइन हार्वेस्टर सीज

**कौशांबी।** पराली जलाने से प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने के लिए शासन के निदेर्शानुसार सैटेलाइट से मिली रिपोर्ट के अनुसार 18 किसानों को जद में लेते हुए 65 हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है। कृषि, राजस्व, पंचायतीराज एवं पशुपालन आदि विभाग के अधिकारियों के साथ पराली जलाने की घटनाओं को लेकर गहन समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर, तहसील स्तर से लेकर जनपद स्तर पर टीम गठित की गयी है। पराली जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रख रहे हैं और सैटेलाइट से भी निगरानी की जा रही है। जनपद के समस्त किसानों से अपील की गयी है कि पराली न जलायें, पराली को गोशालाओं में दान करें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए गये हैं कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से पराली गोशालाओं में संरक्षित करायें। जनपद के समस्त कम्बाइन हार्वेस्टर स्वामियों को निर्देश दिए गये हैं कि मशीन के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (एस.एम.एस.) लगाकर ही कटाई करें अन्यथा मशीन सीज कर दी जाएगी तथा जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए अधीनस्थों के साथ पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

## पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि सड़क पर चलने वाले लोग सुरक्षित हो और किसी का परिवार बिखरने ना पाए



**कौशांबी।** यातायात माह में 17 नवंबर को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पुलिस महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर सड़क दुर्घटनाएं रोकने के कड़े निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं पर रोक लगाई जाए जिससे सड़क पर चलने वाले लोग सुरक्षित हो और किसी का परिवार बिखरने ना पाए बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मातहतों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिलों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इस समस्या से निपटने के लिए, मंत्रालय ने 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' (ऋ्छ) नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसका मकसद इन उच्च जोखिम वाले जिलों में दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को काफी हद तक कम करना और अंततः पूरी तरह से खत्म करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है और सुरक्षित सड़कों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर रही है।इस समस्या से निपटने के लिए, मंत्रालय ने 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' (ऋ्छ) नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसका मकसद इन उच्च जोखिम वाले जिलों में दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को काफी हद तक कम करना और अंततः पूरी तरह से खत्म करना है। यह रैंकिंग तीन साल के सड़क दुर्घटना डेटा के विश्लेषण पर आधारित है। कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। लखनऊ सहित 20 जिलों के 233 थानों में 'क्रिटिकल कॉरिडोर टीम' का गठन किया जाएगा। इन टीमों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन दिए जाएंगे। यह टीमें दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करेंगी। इसका उद्देश्य सड़कों को सुरक्षित बनाना है सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश को 20 जिलों में ह्यक्रिटिकल कॉरिडोर टीम ह्नबनेगी टीम को प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बैठक में क्षेत्राधिकारी यातायात सीसी टीम के नोडल अधिकारी भैया संतोष कुमार सिंह, थाना सैनी/थाना कोखराज थाना संदीपनघाट के अन्तर्गत गठित सीसी टीम के प्रभारी उप निरीक्षक गण व टीम के सदस्य मुख्य आरक्षी वा आरक्षी गण रहे।



## भरवारी में प्रस्तावित अण्डरपास के दृष्टिगत वस्तुस्थिति का डीएम ने लिया जायजा

### प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम, उप जिलाधिकारी सिराथू एवं अधिशासी अधिकारी को संयुक्त रिपोर्ट उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**भरवारी कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने रेलवे क्रासिंग भरवारी में प्रस्तावित अण्डरपास के दृष्टिगत निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित अण्डरपास के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम उप जिलाधिकारी सिराथू एवं अधिशासी अधिकारी भरवारी को संयुक्त रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी, अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. हरिवंश सिंह एवं अधिशासी अधिकारी भरवारी राम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे लाइन पर लेट गया युवक शरीर दो हिस्सों में बंटा

**● भरवारी प्लेटफार्म पर 15 मिनट तक खड़ी रही महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन**

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन पर रविवार रात एक 40 वर्षीय युवक ने महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली। यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर एक पर 8 बजे हुई। ट्रेन दिल्ली से प्रयागराज की ओर जा रही थी।दुर्घटना के बाद युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। घटना के कारण महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 15 मिनट तक भरवारी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खड़ी रही।घटना के बाद भरवारी रेलवे स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे कर्मचारियों ने ट्रैक से शव के टुकड़ों को हटाकर रेलवे लाइन के किनारे रखा, जिसके बाद ट्रेन प्रयागराज के लिए रवाना हुई।रेलवे कर्मचारियों ने घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी। मृतक की शिनाख्त देर रात तक नहीं हो पाई है। युवक ने नीले रंग की जींस और लाल रंग की शर्ट पहन रखी थी।देर रात लगभग 11:30 बजे जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं घटना स्थल पर मौजूद ट्रेन में सफर करने के लिए बैठे कुछ यात्रियों के अनुसार, युवक घटना से कुछ देर पहले प्लेटफॉर्म नंबर एक पर टहल रहा था और वह काफी हताश दिख रहा था।

# एमबीबीएस 2025 बैच हेतु कैडेवरी ओथ सेरेमनी का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग में आज 17 नवम्बर को एमबीबीएस 2025 बैच हेतु कैडेवरी ओथ सेरेमनी (शव-शपथ समारोह) का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो॰(डा0) हरिओम कुमार सिंह के द्वारा की गयी समारोह में एनाटॉमी विभागाध्यक्ष एवं सह-आचार्य डा0 राकेश कुमार शुक्ला द्वारा नवप्रवेशी एमबीबीएस छात्रों को मानव शव के प्रति सम्मान, नैतिकता और चिकित्सकीय मयार्दाओं को समर्पित कैडेवरी ओथ दिलाई गई।मुख्य वक्ताओं के विचार रक्खे प्रधानाचार्य प्रो॰(डा0) हरिओम कुमार सिंह, ने बताया कि महाविद्यालय में एन0एम0सी0 मानकों के अनुरूप कैडेवर उपलब्ध हैं, जो गुणवत्तापूर्ण मेडिकल शिक्षा का आधार हैं। उन्होंने इसके अकादमिक और व्यवहारिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।डा0 सुनील कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एमबीबीएस पाठ्यक्रम का एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि कैडेवर के माध्यम से प्राप्त ज्ञान चिकित्सा शिक्षा की नींव को मजबूत करता है।रवीन्द्र प्रताप सिंह, सीनि0 टेजरी अफीसर ने चिकित्सा विज्ञान में कैडेवरी अध्ययन की ऐतिहासिक और आधुनिक उपयोगिता पर अपने विचार रखे। डा0 राकेश कुमार शुक्ला, विभागाध्यक्ष एनाटॉमी द्वारा बताया गया कि मानव शव की उपयोगिता को छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन, कौशल प्रशिक्षण तथा शोध गतिविधियों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। देशराज निरंकारी बाबा निरंकारी मिशन द्वारा बताया गया कि समाज को देहदान के लिए प्रेरित करते हुए इसे मानवता और चिकित्सा शिक्षा की अमूल्य सेवा का अवसर बताया।प्रो॰ (डा0) निष्ठा सिंह, एनाटॉमी विभाग, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज ने एम0बी0बी0एस0 छात्रों को स्तन ग्रंथियों की संरचना पर विशेष व्याख्यान दिया।डा0 मयंक केसरवानी, डायरेक्टर, आदित्य हॉस्पिटल ने बताया कि पूर्व में उनके पिता की इच्छा के अनुरूप उनके देहदान को इस चिकित्सा महाविद्यालय में ज्ञानार्थ समर्पित किया गया है। उन्होंने इस कार्य के सामाजिक, शैक्षिक तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एमबीबीएस 2025 बैच के छात्रों ने चिकित्सा से संबंधित रंगोली, कविता और भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी वरिष्ठ चिकित्सकों ने सराहना की।समारोह में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के चिकित्सक, संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माता-पिता के अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम- 2007 विषय पर किया गया जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी द्वारा चायल तहसील क्षेत्र में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**कौशांबी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ग्राम कसेन्दा खास तहसील चायल में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर में अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं, अपराध से पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति योजनाओ, पीड़ितों द्वारा क्षतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अपने छोटे-छोटे मुकदमों का समाधान वैकल्पिक विवाद समाधान पद्धति के जरिए करें। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को कोई समस्या हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में जाकर या तहसील स्तर पर बने लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पीएलवी से संपर्क कर अपनी शिकायती/आवेदन दे सकते हैं। यह भी कहा कि संतान का अपने माता- पिता का भरण-पोषण करना विधिक दायित्व है, ऐसा न करने पर 03 माह का कारावास या 05 हजार जुमार्ना या दोनों हो सकता है। तीन लाख सालाना से कम आय वालों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसके तहत मुकदमा से जुड़ा सारा खर्च विधिक सेवा प्राधिकरण वहन करता है।इसके साथ ही प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद समाधान पद्धति के तहत सुलह समझौते के लायक विवादों के समाधान के लिए समय-समय पर लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है। किन्हीं भी सरकारी योजनाओं के लाभ में आने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिए भी आप हमारे पीएलवी से या कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त राष्ट्रीय, राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. नरेन्द्र दिवाकर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मेलनों अभिसमयों, उपलब्ध प्रावधानों, भारतीय संविधान, व्यक्तिगत विधियों, दण्ड प्रक्रिया संहिता, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम-2007 में दिए गए प्रावधानों व वरिष्ठ नागरिकों के बारे में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उनको मिलने वाली सहूलियतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।तहसीलदार, चायल पुष्पेन्द्र गौतम द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए तहसील में स्थित लीगल एड क्लीनिक में आकर या उनसे संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं या फिर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कई गंभीर बीमारियों के लिए भी सरकार द्वारा सांसद, विधायक व विधान परिषद सदस्य आदि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दी जाने वाली सहायता के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान किया पीएलवी अमरदीप द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित योजना, चाइल्ड लाइन नंबर 1098 और महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल, तहसीलदार, चायल श्री पुष्पेंद्र गौतम, हल्का लेखपाल श्री योगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान श्री सुखलाल यादव, समाजसेवी तलत अजीम, मानसिंह, पी.एल.वी. डॉ. नरेंद्र दिवाकर, अमरदीप दिवाकर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 69वीं रायफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के 08 छात्र छात्राएं



**कौशांबी।** आगामी 06 दिसम्बर से 09 दिसम्बर,2025 तक इन्दौर,मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय रायफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के 08 छात्र छात्राओं–रेशमा देवी, मधु देवी, नीलू कुशवाहा, पलक जायसवाल, शिखा वर्मा,अनिकेत तिवारी, प्राची यादव व रूद्र नारायण को जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में सम्मानित कर राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने के लिए शुभकामनायें दी। ये छात्र छात्राएं उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर जनपद कौशांबी को गौरवान्वित करेंगे बातदें कि विगत 13 अक्टूबर से 16 अक्तूबर,2025 तक वाराणसी में संम्पन्न हुई राज्य स्तरीय रायफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में इन छात्र छात्राओं ने मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए चयनित हुए है।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. राम किरण त्रिपाठी उपस्थित रहें।

## पराली प्रबंधन जन–जागरूकता वैन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सोमवार को पराली प्रबंधन जन–जागरूकता वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश के अनुसार फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है। राजस्व विभाग द्वारा पर्यावरण को हो रहे क्षतिपूर्ति की वसूली के निर्देश दिये गये हैं। इसमें 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए रुपए–2500, 02 से 05 एकड़ क्षेत्र के लिए रुपए– 5000 तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए रुपए–15000 तक पर्यावरण कम्पन्सेशन की वसूली के निर्देश हैं। कृषकों से आवाहन किया कि फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्र का उपयोग अवश्य किया जाय,जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। कोई भी कृषक अपने खेत की पराली न जलायें, पराली गौशाला में देकर गोबर की खाद मुफ्त में प्राप्त करें।

## ओवरटेक कर रहे लक्जरी कार सवार, खंती में लुढ़के, बाल बाल बचे



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के कनवार बॉर्डर के समीप तेज रफ्तार लक्जरी कार सवार टैंकर से टकराकर खंती में लुढ़क गए।घटनाक्रम के मुताबिक अंकित अग्निहोत्री पुत्र विमल अग्निहोत्री अपने अज्ञात मित्र के साथ लग्जरी वाहन से कानपुर से प्रयागराज जा रहे थे कनवार बॉर्डर के पास चौधरी रेस्टोरेंट के सामने सड़क पर जा रहे टैंकर से ओवरटेक के चक्कर में भिड़ गए टैंकर के साइड से टकराकर कार सवार हाईवे के नीचे खंती में गिर गए इस दौरान लक्जरी वाहन कई पलटी खाया इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई कार चालक अंकित अग्निहोत्री पुत्र विमल अग्निहोत्री जख्मी हो गया वहीं कंटेनर चालक लक्ष्मीकांत निवासी अलीगढ़ डर कर टैंकर सहित अझुवा कस्बा में गाड़ी खड़ी कर दिया मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने जख्मी का उपचार करवाकर टैंकर चालक से पूंछताछ में जुट गई,टैंकर चालक काली गुजरात से डामर लोडकर बिहार जा रहा था।

## प. दीनदयाल पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन



**हर्रायपुर कौशांबी।** विकास खण्ड मूरतगंज के अन्तर्गत ग्राम सभा अरई सुमेर पुर मे सोमवार को प०दीन दयाल पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान कृष्ना प्रसाद ने गौ पूजन के साथ किया। शिविर में पशुओं कि निशुल्क चिकित्सा जांच, कृ०ग० व दवाओ का वितरण किया गया। पशु चिकित्साधिकारी भरवारी मूरतगंज जोन प्रदीप कुमार ने शिविर में पशुपालको के पशुओं की बीमारी और उसके इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में मौजुद पशुधन प्रसार अधिकारी अश्वनी कुमार अजयसिहं,पैरावेट पारमनाथ, शारदा,चौबे व समस्त ग्राम वासी ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने वाले फरियादियों को मिल रहा न्याय



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा प्रतिदिन पुलिस कार्यालय में आम जनता की समस्याओं की सुनवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान फरियादियों के मिलने वाले प्रार्थना पत्रों को संबंधित थाना पुलिस को भेज करके पीड़ित को त्वरित न्याय दिए जाने का निर्देश पुलिस अधीक्षक दे रहे हैं इसी क्रम में सोमवार को सुबह से ही पुलिस कार्यालय में फरियाद करने वाले फरियादियों की भीड़ दिखाई पड़ी है पुलिस अधीक्षक ने एक–एक फरियादी की बातों को ध्यान से सुना और उसकी समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित थानेदारों को निर्देशित किया है इस संबंध में जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे कुछ फरियादियों से बात की गई तो उनका कहना है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फरियाद करने के बाद उन्हें न्याय मिल जाता है और उनकी समस्याओं का समाधान हो जाता है राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने एन.आई.सी. सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, स्वतः रोजगार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष समूह का गठन न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उपायुक्त एन.आर.एल.एम. से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को समूह गठन, रिवाल्विंग फण्ड, सामुदायिक निवेश निधि एवं कैश क्रेडिट लिंकेज में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना निदेशक को शेष रह गए प्रधानमंत्री आवास/मुख्यमंत्री आवास को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निमार्णाधीन ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्नपूर्णा भवनों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने तथा कार्यालय आने वाले लोगों के लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था व शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

### राजधानी दिल्ली में लाल किले में आतंकी धमाका

**10 नवंबर** 2025 को राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास हुए आतंकी धमाके में अब तक 13 लोगों की जानें गईं बता रहे हैं,यह बहुत ही दुखद है। वास्तव में, यह हमला कहीं न कहीं हमारे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर भी एक प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। हालांकि,जांच एजेंसियां,सुरक्षा बल अपना काम लगातार कर रहें हैं, तथा हमले के तार कहां से लेकर कहां तक जुड़े हैं,इसके बारे में पता लगाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आज नक्सलवाद की भांति ही आतंकवाद पर भी नकेल कसने की जरूरत है।हाल फिलहाल,इस आतंकी हमले (10/11) के तार जहां तक पहुंच रहे हैं, उससे यह अवधारणा तो कहीं न कहीं टूटती नजर आती है कि आर्थिक-सामाजिक रूप से हाशिए पर पहुंचे लोगों को धार्मिक कट्टरता का पाठ आसानी से पढ़ाया जा सकता है। दरअसल ,हाल ही में भारत में पकड़े गए कुछ आतंकी मॉड्यूल/संदिग्धों ने इस प्रकार के आतंकवाद के विस्तार को उजागर किया है, जिसमें उच्च पदस्थ और संपन्न वर्ग के लोग शामिल पाए गए हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दिल्ली धमाके में जांच एजेंसियों ने जो नाम उजागर किए हैं, उनमें विश्वविद्यालयों में पढ़ने-पढ़ाने वाले, टेक्नोलॉजी और सोशल नेटवर्किंग की गहरी समझ रखने वाले लोग हैं और इन्हें 'सफेदपोश आतंक तंत्र' (वाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम) के रूप में परिभाषित किया जा रहा है।पाठक इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि 'व्हाइट कॉलर आतंकवाद' शब्द आतंकवाद का वास्तविक रंग नहीं है, बल्कि यह एक प्रकार के आतंकवाद को परिभाषित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक रूपक है। वैसे, यहां पाठकों को बताता चलूं कि व्हाइट-कालर आतंकवाद एक ऐसा शब्द है जो उन गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जाता है, जिनमें आतंकवादी या अपराधी हथियारों या बमों का उपयोग नहीं करते, बल्कि आर्थिक(साइबर अटैक, बैंकिंग फ्रॉड, बड़े स्तर पर घोटाले, डेटा चोरी, फेक न्यूज फैक्टरी, शेयर बाजार में हेराफेरी आदि), तकनीकी, प्रशासनिक या डिजिटल माध्यमों से समाज, सरकार या किसी संस्था को गंभीर नुकसान पहुँचाते हैं। सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि व्हाइट-कालर आतंकवाद वह आतंकवाद है जो कलम, कंप्यूटर और पैसे के जरिए किया जाता है-जिसका असर बंदूक,बम से चलाए गए आतंक जितना ही घातक हो सकता है। बहरहाल,यह वाकई बहुत ही चिंताजनक है कि आज शिक्षित और पेशेवर लोग यदि आतंकवाद में शामिल हो रहे हैं, जैसा कि हाल ही में (आतंकी हमलों के तार जुड़े होने के क्रम में) यह सामने आया है? ।जब डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर या अन्य तकनीकी विशेषज्ञ आतंकी बनेंगे, या आतंकवादी घटनाओं में शामिल होंगे, तो यह तो ठीक वही बात हुई,कि बाड़ ही अब खेत को खाने लगी है या यूं कहें कि रक्षक ही अब भक्षक बन रहे हैं। वास्तव में, यहां कहना गलत नहीं होगा कि आज व्हाइट कालर आतंकवाद देश के लिए एक चुनौती है।दिल्ली धमाके मामले में अब तक जितने भी संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, उनमें से अधिकतर पढ़े-लिखे, पेशेवर लोग हैं। कहने को तो ये पढ़े-लिखे और डिग्रीधारक(डॉक्टर) हैं, लेकिन इनका असली काम आतंकवाद फैलाना और आतंकी गतिविधियों में शामिल होना है। इनके तार दिल्ली, हरियाणा से लेकर जम्मू-कश्मीर तक जुड़े बताए जा रहें हैं, जो दशार्ता है कि देश में व्हाइट कॉलर आतंकियों का नेटवर्क बढ़ रहा है।

# डिजिटल हमलों से डरती महिलाएं

अमरपाल सिंह वर्मा

**मीडिया** को डिजिटल हिंसा से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ानी होगी। अब समय आ गया है, जब स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल नैतिकता और ऑनलाइन सुरक्षा पर आधारित पाठ्यक्रम जोड़ने चाहिए। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि डिजिटल युग में हिंसा का चेहरा बदल गया है, लेकिन उसका असर उतना ही गहरा है। डिजिटल हिंसा की शिकार हुई महिलाओं से इस बारे में पूछा जाए तो इसका पता चल सकता है।



दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ डिजिटल साधनों का दुरुपयोग एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके महिलाओं को बदनाम करने, परेशान करने और ब्लैकमेल करने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूएनओ) ने इस वर्ष 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक के 16 दिवसीय सक्रियता अभियान की थीम ही महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध डिजिटल हिंसा को समाप्त करने पर केंद्रित की है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ डिजिटल हिंसा को समाप्त करने के लिए वातावरण तैयार करना है।

'यूएनओ' के अनुसार महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हिंसा हर तीन में से एक महिला को प्रभावित करती है। यह एक वैश्विक मानवाधिकार आपातकाल है जिसे रोका जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के सबसे तेजी से बढ़ते रूपों में महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध डिजिटल हिंसा प्रमुख है। भारत में जितनी तेजी से डिजिटल क्रांति हुई है, उतनी तेजी से कोई क्रांति नहीं हुई। डिजिटल क्रांति ने मोबाइल फोन और इंटरनेट को आम लोगों तक पहुंचा दिया है। इसकी बदौलत आम जनता में जागरूकता और सशक्तिकरण जहां सकारात्मक पक्ष है, वहीं इसकी वजह से महिलाओं के खिलाफ हिंसा का एक नया रूप भी उभर कर सामने आया है। इसे ही 'डिजिटल हिंसा' नाम मिला है। यह वही हिंसा है जिसका सामना महिलाएं और लड़कियां सालों से वास्तविक दुनिया में करती रही हैं, पर डिजिटल युग में अब उसका रूप और माध्यम बदल गया है।

'यूएनओ' के अनुसार किसी व्यक्ति या समूह द्वारा की गई वह हिंसा, जिसकी जड़ें लैंगिक असमानता या भेदभाव में हों और जिसमें डिजिटल या संचार तकनीक का इस्तेमाल किया गया हो, उसे डिजिटल लिंग आधारित हिंसा कहा जाता है। 'यूएनओ' के 'जनसंख्या कोष' (यूएनएफपीए) के मुताबिक डिजिटल हिंसा महिलाओं और लड़कियों के लिए सामाजिक बदनामी का कारण बनती है। इस वजह से एक ओर उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, वहीं इस कारण वे ऑफलाइन और ऑनलाइन संसार में अलग-थलग पड़ जाती हैं। इसका परिणाम शैक्षणिक संस्थानों और नेतृत्व की भूमिकाओं में उनकी भागीदारी प्रभावित होने के रूप में भी निकल रहा है।

महिलाओं के विरुद्ध 'डिजिटल हिंसा ऑनलाइन हैरॉसमेंट,' 'हेट स्पीच,' तस्वीरों से छेड़छाड़, ब्लैकमेल, भद्दे संदेश भेजने और अवांछित कॉल जैसे कई रूपों में सामने आ रही है। 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस' (एआई) के दौर में फर्जी वीडियो, 'डीपफेक' और एडिटेड कंटेंट तैयार करना पल भर का काम हो गया है। ऐसे में महिलाओं के लिए समस्या और भी बढ़ गई है।

महिलाएं किस कदर डिजिटल हिंसा को झेल रही हैं, इसका अनुमान 'द इकानॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट' के एक सर्वे से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक दुनिया में 85 प्रतिशत महिलाओं को किसी-न-किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का सामना करना पड़ा है।

भारत में स्थिति चिंताजनक है। 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों के मामले तेजी से बढ़े हैं जिनमें ब्लैकमेलिंग, बदनाम करना, तस्वीरों से छेड़छाड़, अभद्र सामग्री भेजना और फेक प्रोफाइल बनाना जैसी घटनाएं प्रमुख हैं।

महिलाओं और लड़कियों का पीछा करने, उन्हें परेशान करने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है। आज महिलाएं डिजिटल दुर्व्यवहार के सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। कब कोई किसी महिला की अंतरंग तस्वीरों को बिना उसकी अनुमति के सोशल मीडिया पर डाल दे या कब कोई व्यक्ति किसी महिला की फर्जी या डिजिटल रूप से हेरफेर की गई न्यूड तस्वीर अथवा वीडियो बनाकर सार्वजनिक कर दे, कौन जानता है। इसके बाद ब्लैकमेलिंग, धमकाने और यौन उत्पीड़न का सिलसिला भी अब कोई छिपा हुआ तथ्य नहीं रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र भाषा और भद्दे कमेंट्स अब रोजमर्रा की बात हो गई है। ये घटनाएं केवल ऑनलाइन तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि कई बार यही मानसिक और सामाजिक हिंसा, वास्तविक जीवन में शारीरिक शोषण और हत्या तक का कारण बन जाती है। बड़ा सवाल है कि आखिर डिजिटल हिंसा क्यों बढ़ रही है? डिजिटल हिंसा का एक बड़ा कारण टेक्नालॉजी प्लेटफॉर्म के लिए कमजोर नियम और कानूनी ढांचे की अपर्याप्तता है। अधिकांश देशों में अब तक डिजिटल हिंसा को अलग अपराध के रूप में कानूनी मान्यता नहीं दी गई है। भारत में भी कानून तो हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने की जरूरत है। समस्या की एक बड़ी वजह सोशल नेटवर्किंग साइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जवाबदेही का अभाव भी है।

ये प्लेटफॉर्म अक्सर महिलाओं के उत्पीड़न या निजी डाटा के दुरुपयोग पर समय पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे मामलों में रिपोर्टिंग प्रक्रिया जटिल है और कई बार पीड़ित महिलाओं को उल्टा शर्मिंदगी और समाज के संदेह का सामना करना पड़ता है।

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल दुर्व्यवहार को रोकना मुश्किल इसलिए है क्योंकि अपराधी अदृश्य, गुमनाम और तकनीकी रूप से सक्षम होते हैं। वे नकली पहचान, वीपीएन या फर्जी अकाउंट्स का इस्तेमाल करते हैं जिससे उनकी पहचान छिपी रहती है। साथ ही, सोशल मीडिया का तेज प्रसार, डाटा का निजीकरण न होना और डिजिटल साक्षरता की कमी भी इस समस्या को और बढ़ा रही है। हमारे यहां ज्यादातर महिलाओं को यह भी नहीं पता होता कि उनके पास क्या कानूनी अधिकार हैं और वह ऐसे मामलों में शिकायत कैसे दर्ज कराएं।

सवाल यह उठता है कि इस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है? इसमें कोई दो राय नहीं है कि डिजिटल हिंसा को समाप्त करना किसी एक संस्था या सरकार का नहीं, बल्कि साझा प्रयासों का काम है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार को सख्त और स्पष्ट कानून बनाने होंगे। पुलिस और न्याय व्यवस्था में डिजिटल अपराधों की जांच के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है। टेक्नालॉजी कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

'एआई' के दौर मे 'डीपफेक,' फेक प्रोफाइल और ऑनलाइन ट्रोलिंग के खिलाफ स्वचालित सुरक्षा तंत्र विकसित किए बिना समाधान की ओर नहीं बढ़ा जा सकता। समाज को भी रवैया बदलना होगा।

पूर्वाग्रह के चलते ऐसे मामलों में महिलाओं को ही कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है, जबकि जरूरत इस बात की है कि पीड़ित महिलाओं को दोष देने के बजाय उनकी मदद की जाए।

मीडिया को डिजिटल हिंसा से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ानी होगी।

अब समय आ गया है, जब स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल नैतिकता और ऑनलाइन सुरक्षा पर आधारित पाठ्यक्रम जोड़ने चाहिए। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि डिजिटल युग में हिंसा का चेहरा बदल गया है, लेकिन उसका असर उतना ही गहरा है। डिजिटल हिंसा की शिकार हुई महिलाओं से इस बारे में पूछा जाए तो इसका पता चल सकता है।

# बांग्लादेश में आम चुनाव और जनमत संग्रह एक ही दिन होंगे

नित्य चक्रवर्ती

**बांग्लादेश** के चुनावी इतिहास में जमात को कभी भी आठ प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले, हालांकि सत्तारूढ़ सरकार के लिए व्यवधान पैदा करने में इस पार्टी का बड़ा योगदान रहा है। अब सत्ता के करीब आने की संभावना को देखते हुए, जमात-ए-इस्लामी के नेता संजीदा हो गए हैं और खुद को जिम्मेदार नेता के रूप में पेश कर रहे हैं। पिछले चुनावों में जमात का बीएनपी के साथ समझौता था। बांग्लादेश में फरवरी 2026 में राष्ट्रीय चुनाव होने हैं और उसी मतदान के दिन जुलाई चार्टर के लिए जनमत संग्रह भी होगा। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मुहम्मद यूनुस के गुरुवार दोपहर के राष्ट्रीय संबोधन ने देश में मौजूदा राजनीतिक अनिश्चितता को समाप्त करने के लिए संसदीय चुनावों का मंच तैयार कर दिया।



इन फैसलों के साथ, डॉ. यूनुस ने न्यायपालिका, चुनाव प्रणाली, प्रशासन, पुलिस, भ्रष्टाचार विरोधी और संविधान में सुधार के लिए छह आयोगों के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य सार्वजनिक स्वामित्व, जवाबदेही और कल्याण पर आधारित एक राज्य प्रणाली स्थापित करना है। डॉ. यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में फासीवाद और सत्तावादी शासन के फिर से उभरने को रोकने के लिए कुछ राष्ट्रीय सुधार जरूरी हो गए हैं।

अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय संबोधन का देश के प्रमुख राजनीतिक दल, जो पहले से ही चुनाव प्रचार में शामिल हैं, आकलन कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी), जो छात्रों की नई पार्टी है, चुनाव प्रचार में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं, तथा अन्य छोटी राजनीतिक पार्टियां भी इन तीनों में से किसी एक के साथ गठबंधन की तलाश में हैं।

अवामी लीग, जिस पर फरवरी के चुनावों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, ने अपने कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय कर दिया है और पिछले कुछ दिनों में यूनुस शासन की सत्तावादी नीतियों के विरोध में कई जिलों में रैलियां आयोजित की हैं। अवामी लीग के कार्यकर्ता, जो पहले महीनों में छिपे हुए थे, अब ज्यादा खुलकर सामने आ रहे हैं और अपने समर्थकों से संपर्क स्थापित कर रहे हैं। अवामी लीग के स्थानीय नेताओं को शेख हसीना के भारत स्थित उनके आधार से निर्देश मिल रहे हैं। दरअसल, हाल के दिनों में, अपदस्थ प्रधानमंत्री बांग्लादेश में चुनावों की पूर्व संध्या पर मीडिया को साक्षात्कार दे रही हैं और अवामी लीग की स्थिति स्पष्ट कर रही हैं।

शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के अपदस्थ होने के बाद से पिछले पंद्रह महीनों में, बांग्लादेश में राजनीतिक दलों की स्थिति में उथल-पुथल भरे बदलाव आए हैं। आरक्षण विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाला छात्र संगठन, जो जुलाई 2024 में हुए आंदोलन का अगुआ था, जिसके कारण अवामी लीग सरकार गिर गई और यह धारणा बन गई कि इस साल फरवरी में नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) नामक राजनीतिक दल का गठन करने वाला यह संगठन 2026 के चुनावों में एक प्रमुख राजनीतिक दल के रूप में उभरेगा। लेकिन एनसीपी की स्थापना के बाद से पिछले आठ महीनों के घटनाक्रम से पता चलता है कि एनसीपी मतदाताओं के मन में एक व्यवहार्य राजनीतिक दल के रूप में उभरने में विफल रही है, जबकि जमात ने बड़ी पैठ बना ली है। विश्वविद्यालयों में छात्र संघों के हालिया चुनावों में, जमात की छात्र शाखा ने बीएनपी और एनसीपी दोनों को हराकर भारी जीत हासिल की है। दरअसल, एनसीपी के उम्मीदवार कहीं नजर नहीं आ रहे थे। प्रचार के स्तर पर, एनसीपी नेता विभाजित हैं और एक केंद्रीय निकाय के रूप में पार्टी अभी तक साझा उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं कर पाई है, हालांकि बीएनपी और जमात ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के चयन में काफी प्रगति कर ली है। ढाका स्थित पर्यवेक्षकों का मानना है कि जहां बेगम जिया के नेतृत्व में अपने संगठनात्मक विस्तार और एकजुट नेतृत्व के साथ बीएनपी चुनावों में अग्रणी स्थान हासिल करने के लिए तैयार है, वहीं एनसीपी को काफी हद तक हाशिए पर धकेलने वाली बीएनपी के बाद जमात अगली पार्टी के रूप में उभर सकती है। ऐसी खबरें हैं कि कुछ एनसीपी नेता व्यक्तिगत स्तर पर बीएनपी के साथ समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुछ अन्य जमात के साथ समझौता करने की कोशिश कर रहे हैं।

बांग्लादेश के चुनावी इतिहास में जमात को कभी भी आठ प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले, हालांकि सत्तारूढ़ सरकार के लिए व्यवधान पैदा करने में इस पार्टी का बड़ा योगदान रहा है। अब सत्ता के करीब आने की संभावना को देखते हुए, जमात-ए-इस्लामी के नेता संजीदा हो गए हैं और खुद को जिम्मेदार नेता के रूप में पेश कर रहे हैं। पिछले चुनावों में जमात का बीएनपी के साथ समझौता था, लेकिन इस बार, बीएनपी जमात को एक खतरे के रूप में देख रही है और पार्टी के साथ किसी भी तरह का समझौता करने से इनकार कर रही है। बीएनपी को अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी अवामी लीग की अनुपस्थिति में अपने दम पर बहुमत मिलने का भरोसा है। बांग्लादेश चुनाव आयोग ने भागीदारी और संचालन संबंधी तैयारियों को बढ़ाने के लिए सुधार पेश किए हैं, जिनमें देश के बाहर मतदान के लिए तंत्र भी शामिल है। चुनाव सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, चुनाव आयोग सशस्त्र बलों को अपने चुनाव सुरक्षा ढांचे में शामिल करने की योजना बना रहा है। इन प्रयासों के बावजूद, चुनाव-पूर्व माहौल नाजुक बना हुआ है, जिसमें राजनीतिक हिंसा की छिटपुट लेकिन राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण घटनाएं, स्थानीय अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल और सुरक्षा बलों के प्रति अविश्वास बना हुआ है। फरवरी के चुनावों में लगभग तीन महीने शेष हैं, और चुनाव आयोग एक प्रमुख संस्थागत कर्ता और पक्षपातपूर्ण आलोचना का केंद्र बनकर उभरा है। प्रस्तावित जनप्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश 2025 (आरपीओ) में पारदर्शिता बढ़ाने और मतदाताओं का विश्वास बहाल करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बदलाव शामिल हैं। संशोधित आरपीओ चुनाव प्रचार खर्च की सीमा बढ़ाता है, 'मतदान नहीं' विकल्प को फिर से लागू करता है, और चुनाव आयोग को अनियमितताओं के मामलों में निर्वाचन क्षेत्र के नतीजों को रद्द करने का अधिकार देता है। महीनों के सार्वजनिक विचार-विमर्श के बाद, चुनाव आयोग ने परिचालन चुनौतियों और विश्वसनीयता पर चिंताओं का हवाला देते हुए आगामी चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के इस्तेमाल को भी रद्द कर दिया। इसने आगे फैसला सुनाया कि गठबंधन के उम्मीदवारों को अपनी मूल पार्टी के चुनाव चिन्ह का उपयोग करके चुनाव लड़ना होगा, और गठबंधन के लिए संयुक्त चिन्हों की अनुमति देने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। चुनाव आयोग की तैयारियों की सभी रिपोर्टों से, यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि चुनाव आयोग वास्तव में बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चाहता है। बांग्लादेश की जनता यही चाहती है। ढाका में राजनीतिक पर्यवेक्षक उत्सुकता से देख रहे हैं कि मतदान के दिन अवामी लीग समर्थकों का रुख क्या होगा? क्या वे फरवरी के चुनावों का बहिष्कार करेंगे या वे किसी रणनीतिक मतदान का सहारा लेंगे। आने वाले हफ्तों में चुनावी लड़ाई और भी तीखी होगी।

# गो-तस्करी पर पुलिस का बड़ा प्रहार, अवैध तमंचा, फावड़ा व गोमांस अवशेष बरामद

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** के थाना नोनहरा पुलिस टीम द्वारा शातिर गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 01 अदद फावड़ा, गोमांश अवशेष बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी कि प्रभारी निरीक्षक नोनहरा को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि बीती कल रात बोरे मे मिले गोमांश से सबंधित अभियुक्तगण ग्राम बरार के सिवान मे मौजूद हैं और शेष बचे अवशेष को दबाने की फिराक में हैं। अगर जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना को सत्यापित करने के लिए प्रभारी निरीक्षक नोनहरा मय टीम बताये गए स्थान के करीब पहुँचे। पुलिस टीम की आहट पाकर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नियत से देशी तमंचे से 01 राउंड फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी कार्रवाई में फायर किया गया तो बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु सदर हॉस्पिटल गाजीपुर भेजा जा रहा है। अंधेरे का फायदा उठाकर दो अन्य अभियुक्त मौके से भागने में सफल रहे अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नोनहरा पवन उपाध्यय मय टीम व चौकी प्रभारी अटवा मोड़ अजय कुमार मय टीम उपस्थित थे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

## निष्पक्षता, एकजुटता और पत्रकार हितों पर रहा फोकस

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर । जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, तहसील इकाई की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को तहसील पत्रकार सभागार में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संगठन के अध्यक्ष रामविलास पाण्डेय ने किया। इस दौरान तहसील क्षेत्र के कई सक्रिय पत्रकार मौजूद रहे।बैठक में विभिन्न पत्रकारों ने समाचार संकलन के दौरान सामने आने वाली तकनीकी एवं प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों ने बताया कि जमीनी स्तर पर खबर संग्रह करते समय उन्हें कई बार बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जिन्हें दूर करने के लिए संगठनात्मक प्रयास की आवश्यकता है।संगठन के अध्यक्ष रामविलास पाण्डेय ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना हर पत्रकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा पत्रकारों को निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। एकजुट रहकर ही हम सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा सकते हैं। स्वच्छ और निर्भीक पत्रकारिता ही पत्रकार के सम्मान की आधारशिला है।

बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा पत्रकारों की सुरक्षा एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से उठाने का निर्णय लिया। सभी पत्रकारों ने एक संयुक्त स्वर में कहा कि आने वाले दिनों में पत्रकार हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय, सोमनाथ सिंह कुशवाहा, नरेंद्र राय, रेयाज अहमद, जेपी राय, अंगद दूबे, रमाशंकर शर्मा सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई।

# सोनेपुर स्टेडियम की खेल प्रतियोगिता में दिखा युवा ऊर्जा का जोश, उभरते सितारों ने किया कमाल

- विभिन्न स्पर्धाओं में जीते मेडल
- सोनेपुर स्टेडियम गूँजा तालियों से

**अखंड भारत संदेश**



स्टेडियम में जीतने के बाद पदक के साथ छात्रगण

**चित्रकूट।** सोमवार को चित्रकूट के राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ हुआ, जहां युवा ऊर्जा और खेल-जुनून का अद्भुत संगम देखने को मिला। उद्घाटन के अवसर पर कोऑपरेटिव संघ बांदा/चित्रकूट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुश्री भानु प्रसाद और जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे तथा बालक एवं बालिका जूनियर वर्ग की 400 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेलों की शुरूआत की। 400 मीटर में बालक वर्ग में बुद्ध विलास, अंकित और रितेश क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में गंगा, शिल्पी पटेल और लवली सिंह ने स्थान बनाया। 800 मीटर में अशोक कुमार, यश कुमार और रामधारी ने बाजी मारी, तो 200 मीटर में सचिन सोनकर, रविकांत और अशोक कुमार चमके। बालिका वर्ग में गंगा, रेशमा और शिल्पी पटेल ने प्रतिभा का दम दिखाया। 100 मीटर में रविकांत, सचिन, अरविंद तथा बालिका वर्ग में रेशमा, शिल्पी और राबिया ने बढ़त बनाई। सब-जूनियर वर्ग में अर्पित, धीरेंद्र, लक्ष्मी प्रसाद, आकांक्षा, अंजलि और स्नेहा यादव विजेता रहे। वॉलीबॉल में सेंट थॉमस और कबड्डी में जन सेवा इंटर कॉलेज ने परचम लहराया। निर्णायक मंडल में अरविंद कुमार सोनकर, उदय भान सिंह, अवधेश सिंह, हरगोविंद सिंह और कोच अंगद सिंह यादव की भूमिका सराहनीय रही। अंत में सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा घोषणा की गई कि कल सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी।

# बीबीडीयू में गोल्ड मेडल से नवाजी गई चित्रकूट की उभरती दंत विशेषज्ञ

## योगी की मौजूदगी में चमकी डॉ पूजा




स्वर्ण पदक के साथ समाजसेवी रामबाबू की बेटी पूजा गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लखनऊ के बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह सोमवार को एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना, जब चित्रकूट की प्रतिभाशाली बेटी और सुप्रसिद्ध उद्योगपति रामबाबू गुप्ता की सुपुत्री डॉ पूजा गुप्ता को एमडीएस में टॉप करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित कई विशिष्टजन की मौजूदगी में हुए इस समारोह में डॉ पूजा मंच पर चमकती नजर आईं। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत समारोह भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा का आधुनिक रूप है और युवाओं की प्रतिभा ही नए भारत की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास, रोजगार और शैक्षणिक गुणवत्ता में क्रांतिकारी सुधार ला रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निजी विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। दंत चिकित्सा संकाय के मेधावी छात्रों को उपाधि और मेडल प्रदान करते हुए सीएम योगी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा विजनरी नेतृत्व के साथ देश और प्रदेश को नई उड़ान देंगे। समारोह के अंत में डॉ पूजा गुप्ता का गोल्ड मेडल पूरे चित्रकूट के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण साबित हुआ।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी अमृतलाल गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** थाना मानिकपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी अमृतलाल को महज 24 घंटे में दबोचकर अपराधियों को सख्त संदेश दिया है। अपर एसपी सतपाल सिंह व सीओ मऊ फहद अली की निगरानी में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई की। 16 नवम्बर को पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि शौच के लिए निकली नाबालिग के साथ अमृतलाल ने छेड़छाड़ कर दुष्कर्म किया। मामले में बीएनएस की उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोज शुरू हुई। सोमवार को दारोगा गौरव तिवारी, मुख्य आरक्षी कुलदीप शर्मा व आरक्षी शरद सिंह ने मुखबिर के संकेत पर उसे गिरफ्तार कर मामले में निर्णायक सफलता हासिल की।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

# हृदय संबंधी आपात स्थिति में चित्रकूट के चार अस्पताल में निःशुल्क इंजेक्शन की सुविधा

- विभाग ने जारी किए नए दिशा-निर्देश
- मुफ्त प्राथमिक उपचार का दावा

**चित्रकूट।** आज की तेज रफ्तार जिंदगी में दिल का दौरा किसी भी उम्र में अचानक मौत बनकर टूट पड़ता है, लेकिन अब चित्रकूट में यह खतरा काफी हद तक काबू में लाने की पहल शुरू हो चुकी है। चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ ने दिल के दौरे से होने वाली असमय मृत्यु को रोकने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत जनपद चित्रकूट के संयुक्त जिला चिकित्सालय, सीएचसी मानिकपुर, मऊ और राजापुर में मरीजों को निःशुल्क प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। खास बात यह कि दिल के दौरे के मरीजों के लिए टेनेक्टाप्लेस और स्ट्रेप्टोकाइनेज जैसे जीवन-रक्षक इंजेक्शन भी पूरी तरह मुफ्त दिए जा रहे हैं। अगर अचानक सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, अत्यधिक पसीना, घबराहट या तेज-धड़कन जैसे लक्षण महसूस हों तो इसे हल्के में न लें- ये दिल के दौरे के साफ संकेत हैं। ऐसे में तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से प्राथमिक उपचार लेना जरूरी है। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज- चित्रकूट के हब सेंटर- के लिए रेफर किया जाता है। भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खान-पान और तनाव दिल के दुश्मन बन चुके हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय पर दवाओं का सेवन ही इस जोखिम को कम करने का असली मंत्र है।

# ओबीसी बेरोजगारों के लिए निःशुल्क ओ लेवल-सीसीसी ट्रेनिंग का कंप्यूटर प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने जिले के उन तमाम 12वीं पास ओबीसी युवक-युवतियों के लिए एक बड़ा ऐलान किया है, जो रोजगार की तलाश में हैं और डिजिटल स्किल सीखकर करियर बनाना चाहते हैं। विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 20 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2025 तक खोल दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर अपने सभी संलग्नकों सहित दो प्रतियों में आवेदन पत्र कक्ष संख्या 104, नवीन विकास भवन में 01 दिसम्बर शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। चयनित युवाओं का प्रशिक्षण 12 दिसम्बर से शुरू होगा और सफल प्रशिक्षण व परीक्षा के बाद निलिट द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जो शासकीय और अन्य सेवाओं में पूरी तरह मान्य है। पात्रता के अनुसार आवेदक अधिकतम 35 वर्ष आयु का बेरोजगार युवा होना चाहिए, जो किसी संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो तथा उसके अभिभावक की वार्षिक आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख रुपये से अधिक न हो।

# माता-पिता सम्मान अधिनियम पर चित्रकूट में चला जागरूकता का सशक्त अभियान

**चित्रकूट।** जिले के विनायकपुर वृद्धाश्रम में आज एक ऐसी आवाज गूंजी जिसने समाज को अपने कर्तव्यों का आईना दिखा दिया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट की सचिव श्रीमती वर्णिका शुक्ला ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 पर एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। श्रीमती शुक्ला ने स्पष्ट कहा कि वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा न केवल अनैतिक है, बल्कि इस अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि जरूरतमंद वरिष्ठजनों को निःशुल्क विधिक सहायता दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। प्रो-बोनो अधिवक्ता हेमराज सिंह ने अधिनियम के प्रावधानों-भरण-पोषण अधिकार, शिकायत निवारण प्रक्रिया और वृद्धाश्रम व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं सहायक लीगल एड डिफेन्स काउंसिल कुलदीप सिंह ने बताया कि हर नागरिक का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता की सेवा करे, और उपेक्षा की स्थिति में कानून उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कामता प्रसाद ने किया और अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की अलख जगाते रहेंगे।




विधिक जागरूकता संगोष्ठी में बोलते अतिथिगण

# राजेंद्र पांडेय के घर-आंगन में भक्ति की अलग, भागवत कथा के तीसरे दिन छाया अद्भुत आध्यात्मिक रंग

**अखंड भारत संदेश**



कथा कहते आचार्य रवि शास्त्री

**चित्रकूट।** सोमवार की पावन संध्या को पुरानी बाजार स्थित स्वर्गीय राजेंद्र पांडेय जी के आवास में श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का तीसरा दिन भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। नयागांव के प्रख्यात आचार्य रवि शास्त्री जी ने ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र और भगवान नरसिंह अवतार का ऐसा रोमांचकारी वर्णन किया कि पूरा पांडाल भावविभोर हो उठा। आचार्य जी ने कहा कि प्रह्लाद जैसा पुत्र गर्भ में ही ईश्वर की भक्ति का संस्कार सीख लेता है, पर जन्म लेते ही संसार की माया उसे बांध लेती है। बच्चों को बचपन से ही भगवान के नाम जप और माला के संस्कार देने चाहिए ताकि उनमें दिव्यता और सद्गुण विकसित हों। कथा में जब शिव-सती चरित्र का प्रसंग आया तो श्रोताओं की आंखें श्रद्धा से भर उठीं। आचार्य जी ने बताया कि दक्ष द्वारा शिवजी को दामाद होते हुए भी सम्मान न देना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपमानित करने की भावना से यज्ञ आयोजित करना- उस काल का सबसे दुखद प्रसंग था। यज्ञ में सभी देवताओं को बुलाया गया, लेकिन सती और शिव को निमंत्रण तक न भेजा गया। आचार्य जी ने संदेश दिया कि कथा भगवान की होती है, यहां किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं- कथा में कोई भेद नहीं, कोई दूरी नहीं। इस आध्यात्मिक आयोजन में अवधेश, रंजन, निरंजन, चितरंजन, साहित्य, परी सहित स्व. राजेंद्र पांडेय जी का संपूर्ण परिवार श्रद्धापूर्वक उपस्थित रहा।

# आबकारी निरीक्षण अभियान में मदिरा दुकानों की जांच, 800 किलो लहन नष्ट व 50 लीटर शराब जब्त

## दो पर मुकदमा दर्ज




लहन नष्ट करते आबकारी विभाग के अधिकारी

**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के स्पष्ट निदेर्शों तथा जिलाधिकारी चित्रकूट के सख्त मार्गदर्शन में चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को एक बड़ा ऑपरेशन अंजाम दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया, वहीं अवैध शराब के खिलाफ कर्वी क्षेत्र में जोरदार कार्रवाई ने माफियाओं की नींद उड़ा दी। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मऊ, जो क्षेत्र-1 कर्वी का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे हैं, ने अपनी टीम और अधीनस्थ स्टाफ के साथ ग्राम कपसेठी में दबिश डालकर करीब 800 किलोग्राम लहन मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा 50 लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई, जिसे कब्जे में लेते हुए माफिया तंत्र पर कड़ा वार किया गया। संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 की धाराओं के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्यवाही तेजी से प्रारंभ कर दी गई है।

# नैनो डीएपी व नैनो यूरिया के उपयोग पर कृषि विभाग ने शुरू किया जागरूकता अभियान

- इफको द्वारा नैनो उर्वरक प्रशिक्षण
- खेती की लागत घटाने व उत्पादन बढ़ाने पर जोर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अंतर्गत जनपद में दीनदयाल आईटीआई परिसर में कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नैनो उर्वरक उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इफको के उप क्षेत्र प्रबंधक राजवीर सिंह ने प्रशिक्षण का संचालन करते हुए बताया कि नैनो उर्वरक भविष्य की खेती का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहे हैं और रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में इनकी उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने नैनो उर्वरकों की संरचना, प्रयोग विधि, सावधानियां और तकनीकी लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, ताकि प्रशिक्षित कर्मचारी अपने क्षेत्रों में किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक कर सकें। इफको प्रयागराज से आए विशेषज्ञ अक्षय कुमार पांडे ने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से खेती की लागत में कमी आती है और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है। इसके साथ ही भारत सरकार को सब्सिडी मद में होने वाले व्यय में भी उल्लेखनीय कमी आती है। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने सभी फील्ड कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नैनो उर्वरकों पर आधारित प्रदर्शन लगाने और उनके परिणाम किसानों को दिखाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान पाही गांव के किसान रमाशंकर मिश्र को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक और सागरिका किट उपहारस्वरूप प्रदान की गई, जिसे प्रदर्शन के रूप में उपयोग किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार नैनो डीएपी से बीज उपचार करने पर 50 प्रतिशत दानेदार डीएपी की बचत होती है और उत्पादन में 10-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखी जाती है। नैनो उर्वरक 90 प्रतिशत से अधिक अवशोषित होते हैं, जबकि पारंपरिक खादों की उपयोग क्षमता काफी कम होती है। नैनो तकनीक को कृषि में सतत विकास की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।




नैनो उर्वरक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारीगण

# ट्रंप प्रशासन ला रहा नई इमिग्रेशन पॉलिसी, ट्रैवल बैन वाले देशों के लोगों के लिए ग्रीन कार्ड मुश्किल

**अमेरिका**

**अमेरिकी** प्रशासन एक नई इमिग्रेशन नीति बनाने पर काम कर रहा है। डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी के अंदरूनी दस्तावेजों के अनुसार, यह नई पॉलिसी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मौजूदा ट्रैवल बैन के तहत आने वाले देशों के नागरिकों के लिए ग्रीन कार्ड और अन्य इमिग्रेशन लाभों को पाना बेहद मुश्किल बना सकती है।

नई पॉलिसी में क्या होगा बदलाव?

नई ड्राफ्ट इमिग्रेशन पॉलिसी के तहत, यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (वरउक्र) को निर्देश दिया जाएगा कि ट्रैवल बैन से जुड़े 'देश-विशिष्ट कारकों' को इमिग्रेशन आवेदनों की जांच करते समय बहुत बड़ा नकारात्मक कारक माना जाए। इस बदलाव का सीधा असर ग्रीन कार्ड, शरण , पैरोल और कुछ अन्य लाभों के आवेदनों पर पड़ेगा, हालांकि यह नागरिकता के आवेदनों पर लागू नहीं होगा।




वरउक्र के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी डग रैंड ने इस कदम को 'एक बड़ा बदलाव' बताते हुए इसे कानूनी इमिग्रेशन पर ट्रम्प प्रशासन के हमले का एक और उदाहरण बताया है।

ट्रैवल बैन लिस्ट में कौन से देश शामिल हैं?

जून में जारी ट्रैवल बैन लिस्ट में ज्यादातर अफ्रीका और मिडिल ईस्ट के 12 देशों के नागरिकों का अमेरिका में आना प्रतिबंधित है। इनमें अफगानिस्तान, ईरान, सोमालिया, सूडान, यमन जैसे देश शामिल हैं। अन्य सात देशों (जैसे क्यूबा और वेनेजुएला) पर भी कुछ पाबंदियां हैं। आलोचकों का कहना है कि यह नई पॉलिसी लोगों को उनकी अपनी सरकारों की कमियों के लिए गलत तरीके से सजा देगी। पूर्व वरउक्र एनालिस्ट सारा पियर्स ने कहा कि इस नीति से इनकार के मामले बढ़ेंगे, और यह उन लोगों पर भी लागू होगी जो पहले से अमेरिका में हैं, जिससे यह कानूनी तौर पर ज्यादा कमजोर हो जाती है।

# यूक्रेन और रूस युद्धबंदियों की अदला-बदली पर काम कर रहे हैं : जेलेंस्की

**यूक्रेन**

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि यूक्रेन और रूस कैदियों की अदला-बदली फिर से शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं और इससे 1,200 यूक्रेनी कैदियों की वापसी संभव होगी। जेलेंस्की का यह बयान राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख द्वारा वार्ता में प्रगति की घोषणा के एक दिन बाद आया है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हमें ... युद्धबंदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया बहाल होने का भरोसा है। यह सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में कई बैठकें, वार्ताएं और फोन पर बातचीत हो रही हैं।

यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने शनिवार को कहा था कि उन्होंने तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात की मध्यस्थता में युद्धकैदियों की अदला-बदली दोबारा शुरू करने के लिए बातचीत की है।



उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष तुर्किये की मध्यस्थता से 1,200 यूक्रेनियों को रिहा करने के लिए कैदी विनिमय समझौतों को बहाल करने पर सहमत हुए हैं। रूस ने इस दावे पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।

एक अन्य घटनाक्रम में, यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि उसके ओडेसा क्षेत्र में रविवार रात तक रूसी ड्रोन हमलों से ऊर्जा अवसंरचना को नुकसान पहुंचा। क्षतिग्रस्त स्थलों में एक सौर ऊर्जा संयंत्र भी शामिल है।

यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कुल 176 ड्रोन हमले किये और एक मिसाइल दागी।

उसने दावा किया कि यूक्रेन ने 139 ड्रोन को नष्ट करदिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसके बलों ने गत रात यूक्रेन की ओरे से किए गए 57 ड्रोन हमले नाकाम कर दिये।

# पाकिस्तान के सिंध में अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, सात की मौत



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के सिंध प्रांत में एक अवैध अस्थायी पटाखा निर्माण कारखाने में विस्फोट के कारण कम से कम सात लोग मारे गए और कई घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद शहर के लतीफाबाद इलाके में शनिवार रात एक गैर-लाइसेंसी पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट हुआ। रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, लतीफाबाद पुलिस थाने के पास लाघारी गोथ नदी के किनारे एक पटाखा फैक्ट्री में शक्तिशाली विस्फोट की सूचना मिली है। उन्होंने कहा, अब तक मलबे से सात शव निकाले जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद शनिवार रात मकान का एक हिस्सा ढह गया तथा कुछ लोगों के अब भी मलबे में फंसे होने की आशंका है। बचाव दल के प्रवक्ता ने बताया कि बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही विस्फोट का वास्तविक कारण पता चल सकेगा।

लतीफाबाद के सहायक आयुक्त सऊद लुंड ने घटनास्थल पर मीडिया से बातचीत में इस बात की पुष्टि की कि पटाखे अवैध रूप से बनाए जा रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि फैक्ट्री का मालिक असद जई फरार है और उसके पास यहां पटाखे बनाने का लाइसेंस भी नहीं था।

# इंटरपोल ने इमरान खान के सहयोगी के खिलाफ मामला बंद किया

**पाकिस्तान**

**इंटरपोल** ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी मूनिस इलाही के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के पाकिस्तान के अनुरोध से संबंधित मामला बंद कर दिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पाकिस्तान सरकार ने पूर्व संघीय मंत्री को पकड़ने के लिए इंटरपोल से सहायता मांगी थी, जो लगभग तीन साल पहले खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई के बाद स्पेन चले गए थे।

इंटरपोल के एक बयान के अनुसार, ह्यह्यअंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन - इंटरपोल - का महासचिव यह प्रमाणित करता है कि आज की तारीख में मूनिस इलाही इंटरपोल के नोटिस के अधीन नहीं हैं।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार ने मूनिस को प्रत्यर्पित करने के लिए इंटरपोल के समक्ष अपना मामला बनाने के लिए उन पर कई फर्जी प्राथमिकी - हत्या, धनशोधन, भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग - दर्ज की थीं।

आंतरिक मंत्री और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इंटरपोल के समक्ष प्रत्यर्पण याचिका पैरवी कर रहे थे, क्योंकि मूनिस अक्सर पाकिस्तान के क्रिकेट परिदृश्य को नष्ट करने और खान के समर्थकों पर कार्रवाई करने के लिए उनकी आलोचना करते थे।



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही के बेटे मूनिस ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद पीटीआई प्रमुख खान को बुनियादी अधिकार नहीं देने के लिए मौजूदा मुख्यमंत्री मरियम नवाज की भी आलोचना की थी।

एक अधिकारी ने रविवार को ह्यपीटीआई-भाषाह्ल को बताया, ह्यह्यइंटरपोल ने मूनिस के खिलाफ पाकिस्तान के मामले को खारिज कर दिया क्योंकि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) उनके खिलाफ हत्या, धन शोधन और अन्य मामलों से संबंधित सबूत पेश करने में विफल रही।

उन्होंने कहा कि इंटरपोल ने पाकिस्तान के रुख को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि पीटीआई नेता के खिलाफ अधिकांश मामले राजनीतिक प्रकृति के थे। मूनिस के वकील अमीर रॉन ने कहा, ह्यह्यइंटरपोल ने गहन तथ्यान्वेषी जांच के बाद पीएमएल-एन सरकार द्वारा लगाए गए सभी निराधार आरोप खारिज कर दिये।

उन्होंने कहा कि इलाही परिवार को खान के प्रति निष्ठावान रहने के कारण प्रताड़ित किया गया है।

# जलवायु वित्त पर विकसित देशों की विफलता एनडीसी को अप्राप्य बनाती है: सीओपी30 में भारत

**ब्राजील**

**भारत** ने जलवायु वित्त दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने के लिए विकसित देशों की शनिवार को तीखी आलोचना की और चेतावनी दी कि विकासशील देश ह्यह्यअनुमानित, पारदर्शी और विश्वसनीयह्लह्ल वित्तीय सहायता के बिना अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सकते।

ब्राजील के बेलेम में आयोजित सीओपी30 में जलवायु वित्त पर तीसरे उच्चस्तरीय मंत्रिस्तरीय संवाद में समान विचारधारा वाले



विकासशील देशों (एलएमडीसी) की ओर से भारत ने कहा कि जलवायु वित्त विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है।

भारत की ओर से वातार्कार सुमन चंद्रा ने कहा, ह्यह्यविकसित देशों से वित्तीय संसाधनों के बिना, विकासशील देश एनडीसी (राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान) को पूरा करने के लिए आवश्यक शमन और अनुकूलन के स्तर को प्राप्त नहीं कर सकते।

एनडीसी पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं हैं, जो उत्सर्जन में कटौती करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लक्ष्य निर्धारित करती हैं, तथा तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के वैश्विक प्रयासों का मार्गदर्शन करती हैं।

# ट्रंप ने बंदूक अपराध के सिलसिले में छह जनवरी के दंगे के आरोपी को दिया क्षमादान



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने छह जनवरी के दंगे के एक प्रतिवादी को दूसरी बार क्षमादान दिया, जो अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने संबंधी एक अलग दोषसिद्धि के कारण यूएस कैपिटल दंगाइयों के लिए क्षमादान की व्यापक मंजूरी के बावजूद सलाखों के पीछे था।

यह निर्णय ट्रंप की अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग उन समर्थकों की मदद करने की इच्छा का नवीनतम उदाहरण है, जिन्होंने 2020 में राष्ट्रपति जो बाइडन से हारने के बावजूद उन्हें सत्ता में बनाए रखने की कोशिश की थी।

डैनियल एडविन विल्सन दंगों में अपनी भूमिका के लिए जांच के घेरे में था, जब अधिकारियों को उसके घर से छह बंदूक और गोला-बारूद मिला था।

पहले से ही गंभीर अपराधों में दोषी पाए जाने के कारण, उसके लिए आग्नेयास्त्र रखना गैरकानूनी था। विल्सन के वकील ने शनिवार को बताया कि उनके मुवक्किल को 2028 तक जेल में रहना था लेकिन क्षमादान के बाद शुक्रवार शाम उसे रिहा कर दिया गया।

# दुबई में भारतीय गैंगस्टरों के बीच पहली गैंगवॉर! लॉरेंस बिश्नोई के करीबी की हत्या का दावा




**दुबई**

**दुबई** में भारतीय गैंगस्टरों के बीच कथित रूप से पहली बार गैंगवॉर की खबरें सोशल मीडिया पर फैल रही हैं. ये दावा एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया गया है, जो कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा से जुड़े अकाउंट से शेयर हुआ है. इस पोस्ट के जरिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी जोरा सिद्धू उर्फ सिप्पा की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है. पोस्ट में कहा गया है कि दुबई में जोरा सिद्धू की गला रेतकर हत्या की गई है. आरोप है कि बिश्नोई के निर्देश पर गैंग के लिए सिद्धू हैंडलर का काम कर रहा था और दुबई में बैठकर कनाडा और अमेरिका में कई लोगों को धमकियां दे रहा था. पोस्ट में दावा किया गया है कि सिद्धू ने पहले जर्मनी में गोदारा के एक साथी की हत्या करवाने की कोशिश की थी, जिस कारण यह 'बदला' लिया गया.

सोशल मीडिया पोस्ट में क्या कहा गया

पोस्ट में कहा गया है कि आज दुबई में लॉरेंस का जोरा सिद्धू (सिप्पा) गला रेतकर मार दिया गया. यह काम हमने करवाया है. दुबई में बैठकर वह कनाडा और अमेरिका में धमकियां दे रहा था. जो दुबई को सुरक्षित समझते हैं, समझ लें अगर हमारे दुश्मन हैं तो कहीं भी सुरक्षित नहीं. इसमें रोहित गोदारा के अलावा गोल्डी बराड़, वीरेंद्र चारण, महेंद्र सरन डेलाना और विक्की पहलवान कोटकपूरा का भी जिक्र किया गया है. ये सभी कथित तौर पर उसी गैंग के सदस्य बताए गए हैं, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी ली है.

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की नजर

पोस्ट में आगे चेतावनी देते हुए कहा गया है कि पुलिस हर जगह नहीं पहुंच सकती, लेकिन हम पहुंचेंगे. जो भी विरोध करेगा, तैयार रहे. हालांकि दुबई पुलिस की ओर से अब तक इस कथित हत्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. कई सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार दुबई जैसे अत्यंत निगरानी वाले शहर में इस तरह की वारदात होना असामान्य माना जाता है, इसलिए आधिकारिक पुष्टि का इंतजार महत्वपूर्ण है.

भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं. हालांकि जब तक दुबई पुलिस द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती, तब तक यह मामला केवल सोशल मीडिया दावों पर आधारित माना जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा

**ऑफिस मो.:**
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# मुनीर-शहबाज को बार-बार याद आ रहा ऑपरेशन सिंदूर, चीन-तुर्किये के साथ मिलकर क्या खिचड़ी पका रहा पाकिस्तान?

**पाकिस्तान**

**मई 2025** में भारत की तरफ से चलगाए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी सामने आई. उसका सैटेलाइट सर्विलांस नेटवर्क युद्ध जैसी तेज स्थितियों में काम नहीं कर पाया. जमीनी हालात समझने के लिए पाक सेना को समय पर और साफ सैटेलाइट तस्वीरें नहीं मिल सकीं. इसी वजह से युद्ध के कई अहम पल पाकिस्तान की नजरों से छूट गए. इसी कमजोरी ने पाकिस्तान को मजबूर किया कि वह अपने स्पेस सर्विलांस सिस्टम को तेजी से मजबूत करे.

चीन-तुर्किये और यूरोप से सहयोग

कमजोरियां दिखने के बाद पाकिस्तान ने कुछ ही महीनों में तीन नए सैटेलाइट लॉन्च किए. साथ ही उसने चीन, तुर्किये, अमेरिका और यूरोपीय कंपनियों से सहयोग बढ़ाकर अपनी निगरानी क्षमता मजबूत करने की कोशिश शुरू की.

जनवरी 2025: तीन दिनों में दो बड़े सैटेलाइट लॉन्च

पहली सैटेलाइट -PAUSAT-1

पाकिस्तान ने SpaceX के Falcoaaf-9 रॉकेट से ढअवरअळ-1 लॉन्च किया. द संडे गार्डियन में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, यह 10व नैनो-सैटेलाइट पाकिस्तान की एयर यूनिवर्सिटी ने तुर्किये की इस्तांबुल टेक्निकल यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया है. इसमें हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे और खास



सेंसर लगे हैं, जो जमीन, फसलों और इमारतों का ज्यादा साफ डेटा देते हैं. तुर्किये के साथ साझेदारी से पाकिस्तान को यूरोपीय तकनीक तक भी अप्रत्यक्ष पहुंच मिल रही है.

दूसरी सैटेलाइट- PRSC-EOL

17 जनवरी को पाकिस्तान ने ढफरउ-एडछ नाम का नया पृथ्वी निगरानी सैटेलाइट चीन के जिउक्वान स्टेशन से लॉन्च किया. हालांकि इसे ह्यपाकिस्तान में बनाह्ल बताया जाता है, लेकिन डिजाइन, तकनीक और लॉन्च चीन की मदद से ही होता है. यह कृषि, शहरों और पर्यावरण की निगरानी में काम आता है, लेकिन इसका सैन्य उपयोग भी साफ नजर आता है.

अक्टूबर 2024 में भेजा गया था ल्रर-1

ल्रर-1 पाकिस्तान का पहला हाइपरस्पेक्ट्रल सैटेलाइट है, जिसे चीन ने लॉन्च किया. यह छिपे सैन्य ठिकानों का पता लगाने, एयरबेस की गतिविधियों को समझने और बुनियादी ढांचे में बदलाव पकड़ने में सक्षम है.

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्यों फेल हुआ पाकिस्तान?

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का मुख्य सैन्य सैटेलाइट ढफ्रर-1 केवल एक बार भारतीय एयरबेसों- पठानकोट, उधमपुर और आदमपुर की साफ तस्वीर ले सका.

इसके बाद मौसम और ऑर्बिट की समस्या के कारण कई घंटे तक कोई उपयोगी इमेज नहीं मिली. इसी दौरान भारत ने कई बदलाव कर दिए, जिन्हें पाकिस्तान समय पर पकड़ नहीं सका. ढ'ळएर-1अ नाम का एक पुराना सैटेलाइट पहले ही काम करना बंद कर चुका था।